CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

बरेली, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 261 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 20 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 17 अगस्त 2025 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

### पाकिस्तान याद रखे, किसी भी दुस्साहस का परिणाम दर्दनाक होता है: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी नेताओं को जुबान पर कंट्रोल रखने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि पाकिस्तानी नेता भारत के खिलाफ गैर-जिम्मेदार, युद्ध भड़काने वाले और नफरत फैलाने वाले बयान दे रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तानी नेता अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए बार-बार ऐसे बयान देते हैं। उन्हें अपनी जुबान पर कंट्रोल रखना चाहिए, क्योंकि अगर उन्होंने कोई गलत कदम उठाया तो उसका नतीजा बहुत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तानी नेतृत्व द्वारा भारत के विरुद्ध लगातार जारी लापरवाह, युद्ध भड़काने और घृणास्पद टिप्पणियों की खबरें देखी हैं। अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए बार-बार भारत-विरोधी बयानबाज़ी करना पाकिस्तानी नेतृत्व का जाना-माना तरीका है।

# किश्तवाड़ में बादल फटा, 46 मरे

## 28 लोगों के शव बरामद, 167 को बचाया, करीब 98 श्रद्धालु अभी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के चशोटी गांव में गुरुवार दोपहर 12.30 बजे बादल फटा। कई लोग पहाड़ से आए पानी और मलबे की चपेट में आ गए। हादसे में 46 लोगों की मौत हो गई है। इनके 28 शव भी मिल गए हैं। अब तक 167 लोगों को बचाया गया है। करीब 98 लोग लापता हैं।

हादसा उस समय हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचौल माता यात्रा के लिए किश्तवाड़ में पड्डर सब-डिवीजन में चशोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। बादल वहीं फटा है, जहां से यात्रा शुरू होने वाली थी। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सभी बाढ़ के पानी में बह गए। मचौल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितम्बर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चशोटी तक 19.5 किमी की सड़क पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें बचाव में जुटी हैं। विपक्ष के नेता सुनील कुमार शर्मा और स्थानीय विधायक ने घटनास्थल का दौरा किया है और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन स्थिति का जायजा लेने में जुटा हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के नेता प्रतिपक्ष और स्थानीय विधायक सुनील कुमार शर्मा से तत्काल संदेश मिलने के बाद अभी-अभी किश्तवाड़ के उपायुक्त पंकज कुमार शर्मा से बात की। चशोटी क्षेत्र में भीषण बादल फटा है, जिससे बड़ी जनहानि हुई है। प्रशासन तुरंत कार्रवाई में जुट गया है, बचाव दल घटनास्थल के लिए रवाना हो गया है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।



- चशोटी गांव में मचौल माता की धार्मिक यात्रा के लिए पहुंचे कई लोग बहे
- बादल वहीं फटा, जहां से मचौल माता की यात्रा शुरू होने वाली थी, घटना के बाद यात्रा रद्द

### पीएम मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। उधर गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि किश्तवाड़ जिले में बादल फटने की घटना को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की। स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

# पहलगाम जैसे हमलों को अनदेखा नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

- जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य बनाने का मामला, कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों में जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा दोबारा बहाल करने के मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा है। कोर्ट ने अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले का भी जिक्र किया।

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जमीनी हकीकत और पहलगाम जैसी आतंकी घटनाओं को अनदेखा नहीं किया जा सकता। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसम्बर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था। तब पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आश्वासन दिया था कि केंद्र सरकार जम्मू- कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाल करेगी। हालांकि, कोर्ट ने इस बहाली के लिए कोई स्पष्ट समय सीमा नहीं दी थी। गुरुवार को सरकार की ओर से मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले चुनावों के बाद राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन दिया था।

### चुनाव आयोग बिहार मतदाता सूची से हटाए 65 लाख नाम कारणों के साथ प्रकाशित करे


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची से हटाए गए लगभग 65 लाख मतदाताओं की जिलावार सूची 21 अगस्त तक संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइटों पर प्रकाशित कर दे।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने इस विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों तक संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तार पूर्वक सुनने के बाद इस संबंध में आदेश पारित किया। पीठ ने आयोग से कहा कि वह मसौदा सूची से नाम हटाने के कारणों का भी खुलासा करें। यह स्पष्ट करे कि आखिर मृत्यु, दूसरी जगह स्थाई निवास, दोहरी पंजीकरण के कारण मसौदा सूची में उनके नाम दर्ज नहीं किए गए।



### आवारा कुत्तों पर तीन सदस्यीय पीठ का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़ कर आश्रय गृहों में भेजने संबंधी शीर्ष अदालत के 11 अगस्त के आदेश पर रोक की मांग वाली याचिकाओं पर फिर जमकर बहस हुई और संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीन सदस्यीय पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई ने स्वत: संज्ञान इस मामले में बुधवार को न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की एक नई पीठ गठित की थी।



## संक्षिप्त समाचार

### मतदाता अधिकार के लिए बिहार में शुरू करेंगे यात्राएं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मतदाताओं के मताधिकार को सुनिश्चित करने, लोकतंत्र बचाने तथा संविधान की रक्षा के लिए बिहार में 17 से 30 अगस्त तक यात्राओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता हिस्सा लेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 17 अगस्त को सासाराम से इन यात्राओं की शुरुआत करेंगे और फिर कटिहार, मधुबनी आदि कई स्थानों से होते हुए यात्रा का 30 अगस्त को पटना में समापन किया जाएगा।

### महबूबा ने अदालत की बात को सराहा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के मामले में दायर याचिका में बहस के समय उच्चतम न्यायालय का पहलगाम आतंकवादी हमले का ज़िक्र करना, इस क्षेत्र की स्थिरता को लेकर भारत सरकार के अविश्वास को दर्शाता है। विदित हो कि इस मामले में उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से आठ सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने को कहा है। अदालत ने याचिकाकर्ताओं से 'पहलगाम आतंकवादी हमले जैसी ज़मीनी हक़ीक़तों' से अवगत रहने को कहा। इसमें जहूर अहमद भट और खुर्शीद अहमद मलिक ने याचिका दायर की है। सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय का हालिया पहलगाम आतंकवादी हमले का जिक्र करना इस क्षेत्र की स्थिरता के प्रति केन्द्र सरकार के निरंतर अविश्वास को रेखांकित करता है।

# ईसी हमें दे वाराणसी की वोटर लिस्टः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए कथित 'वोट चोरी' आरोप के बाद कांग्रेस मीडिया विभाग चेयरमैन पवन खेड़ा ने गुरुवार को चुनाव आयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संसदीय क्षेत्र वाराणसी की वोटर लिस्ट की मांग की है।

खेड़ा ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री ने 2024 लोकसभा चुनाव में धांधली की है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन खेड़ा ने आज प्रेस वार्ता में कहा चुनाव आयोग के कई चेहरे है। चुनाव आयोग का नाम एक है, तो वहीं चेहरे अनेक हैं। उन्होंने कहा कि सात अगस्त को गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और भारत की राजनीति में भूचाल आ गया। इसके कारण ही सत्ता में बैठी सरकार घबरा रही है। खेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेता अनुराग ठाकुर की प्रेस कांफ्रेंस में छह और फर्जी वोटर का खुलासा किया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जब प्रेस कॉन्फ्रेंस की तो तुरंत नोटिस आ गया, लेकिन ठाकुर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करे हुए 24 घंटे हो गए हैं। इसके बाद भी उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। ठाकुर को छह लोकसभा में गड़बड़ी के आंकड़े छह दिन में मिल गए। हमें छह महीने लगे इन्हें छह दिन में कैसे मिले? चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। ठाकुर ने जो सबूत दिए वो एक आपराधिक मामला है।

# स्वतंत्रता दिवस पर 86 गैलेंट्री अवार्ड का ऐलान

**नई दिल्ली, वार्ता**

- **ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले 9 फाइटर पायलट-ऑफिसर को वीर चक्र**

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर में बहादुरी और साहस दिखाने वाले आर्म्ड फोर्स के 86 जवानों को गैलेंट्री अवार्ड देने का ऐलान हुआ है। वायुसेना के 52 जवानों को वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

एयरफोर्स के 9 ऑफिसर को वीर चक्र दिया गया है। इनमें ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने वाले फाइटर पायलट भी शामिल हैं। वीर चक्र युद्ध के समय दिया जाने वाला तीसरा सबसे बड़ा वीरता पदक है। वहीं एयरफोर्स के 13 अधिकारियों को युद्ध सेवा मेडल और 26 अधिकारी-वायुसैनिकों को वायु सेना मेडल दिया गया है। वहीं वाइस चीफ आफ एयर स्टाफ एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी समेत एयरफोर्स के 4 आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इंडियन आर्मी के 18 जवानों को वीरता मेडल से सम्मानित किया है। भारतीय सेना के अधिकारी ने बताया कि 2 सीनियर इंडियन आर्मी आफिसर को सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया। वहीं 4 कीर्ति चक्र, 4 वीर चक्र और 8 शौर्य चक्र दिए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 16 जवानों को गैलेंट्री मेडल दिया गया है। बीएसएफ देश की पहली सुरक्षा लाइन है, जो 2290 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान सीमा और पश्चिमी इलाके में एलओसी की निगरानी और रक्षा करती है। ऑपरेशन के दौरान बीएसएफ के दो जवान शहीद और सात घायल हुए। इसके अलावा पुलिस और अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी मेडल से सम्मानित किया है। इनमें जम्मू-कश्मीर पुलिस के 128, सीआरपीएफ के 20 और छत्तीसगढ़ पुलिस के 14 पदक शामिल हैं।

## यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं।

शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रा दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा, उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिन्टेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल, अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ़ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सीएम ने किया प्रहार

# कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति ने देश को तोड़ाः योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवासियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया। प्रदर्शनी में विभाजन के बाद उपजी हिंसा और उससे प्रभावित लोगों से संबंधित डिजिटल आर्काइव फोटो, अखबार कतरनें, राजकीय अभिलेख और विस्थापित परिवारों की संरक्षित सामग्री के जरिए युवाओं को तुष्टिकरण की कीमत उस दौर की वेदना से अवगत कराया गया। योगी ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए। सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी ने विपक्ष को बनाया कूप मंडूप

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवार डेवलपमेंट अर्थारिटी ने समूचे विपक्ष को कूप मंडूप बना दिया है। विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन में अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्ष को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने 1947 से 2017 तक विपक्षी दलों के शासनकाल की तुलना अपनी सरकार के 2017 से 2025 तक के कार्यकाल से की और विपक्ष पर परिवारवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

### कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि 2017 तक उत्तर प्रदेश असुरक्षा और उच्च अपराध दर से जूझता रहा जबकि उनकी सरकार ने प्रदेश को भयमुक्त, निवेश-अनुकूल और समाज को सुरक्षित बनाने में सफलता हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन सदन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के मॉडल के रूप में उभरा है, जो निवेशकों और नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल प्रदान करता है।

# भाजपा ने साबित किया पिछड़ गया यूपीः अखिलेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र ने पहली बार 24 घण्टे सदन चलाने का रिकार्ड बनाने पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं।

यादव ने एक्स पर मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह के झपकी लेने और विपक्षी नेताओं के सेल्फी लेने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा- सोती रही सरकार, जागता रहा विपक्ष। भाजपा ने 24 घंटे का सदन चलाकर साबित कर दिया है कि वो प्रदेश चलाने में कितना पिछड़ गए हैं, इसीलिए चौबीसों घंटे काम करने की बात कर रहे हैं। भाजपा सरकार बताए कि उसके मुखिया से लेकर मंत्री व कितने विधायक चौबीसों घंटे उपस्थित रहे। उन्होंने लिख- जनता 24 घंटे सदन चलाने के पीछे का तर्क पूछ रही है।

### अखिलेश को नहीं दिखते पीड़ितों के आंसूः पूजा पाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ पर समाजवादी पार्टी से निकाली गई इलाहाबाद पश्चिमी सीट से विधायक पूजा पाल ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि अखिलेश को 30 साल से पीड़ित पीड़ितों के आंसू नहीं दिखे, जब माफिया के बच्चे मर रहे हैं, तो दिख रहा है।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 99971
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 115100
प्रति किलो



# लिवाली से मजबूत हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



बैंकिंग एवं वित्तीय क्षेत्र की कंपनियों में लिवाली से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन हरे निशान में बंद हुए। कुल मिलाकर बाजार में निवेश धारणा कमजोर बने रहने के बावजूद एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एसबीआई के साथ इंफोसिस और इटरनल जैसी कंपनियों में लिवाली से प्रमुख सूचकांक बढ़त में बंद होने में कामयाब रहे।

बीएसई का सेंसेक्स 57.75 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 80,597.66 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर 24,631.30 अंक पर रहा। वहीं मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली के कारण एनएसई का निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 0.38 फीसद टूट गया। निवेशकों ने बैंकिंग के अलावा टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, आईटी और फार्मा कंपनियों में पैसा लगाया। वहीं धातु, एफएमसीजी और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 1.45 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.37 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.46 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.48 प्रतिशत की तेजी में रहा जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था।

### यात्री वाहनों की बिक्री जुलाई में 0.2 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** दुपहिया वाहनों के खंड में अच्छे प्रदर्शन के कारण वाहन निर्माता कंपनियों ने इस साल जुलाई में घरेलू बाजार में 19,77,442 वाहन बेचे, जो जुलाई 2024 के 18,42,296 वाहनों की तुलना में 7.33 प्रतिशत अधिक है। यात्री वाहनों की बिक्री में एक साल पहले के मुकाबले जहां गिरावट दर्ज की गई, वहीं दुपहिया वाहनों में तेजी रही। भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम के आंकड़ों के अनुसार गत जुलाई में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 0.2 प्रतिशत घटकर 3,40,772 इकाई पर रह गई। दुपहिया के खंड में स्कूटरों की बिक्री में 16.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 6,43,169 इकाई रही। मोटरसाइकिल की बिक्री 4.7 फीसदी बढ़कर 8,90,107 इकाई पर पहुंच गई।

## सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सोने-चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 126 रुपए कम होकर 99,971 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी की कीमत भी आज 175 रुपए कम होकर 1,15,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,15,275 रुपए पर थी। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही। इस साल 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,809 रुपए बढ़कर 99,971 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 29,083 रुपए बढ़कर 1,15,100 रुपए पर पहुंच गया है।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग बढ़ाकर 'बीबीबी' की

**नई दिल्ली, वार्ता**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने आर्थिक मजबूत और सतत वित्तीय अनुशासन के मद्देनजर भारत की रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बदलकर 'बीबीबी' कर दी है। एसएंडपी ग्लोबल ने गुरुवार को बताया कि उसने भारत का परिदृश्य भी 'नकारात्मक' की जगह 'स्थिर' कर दिया है।

एजेंसी ने कहा कि भारत वित्तीय अनुशासन को प्राथमिकता दे रहा है, जो बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ आम लोगों को उनकी सीमा के भीतर वित्त उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता दिखाता है। उसने उम्मीद जताई कि अगले दो-तीन साल में अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक मजबूत बने रहेंगे जिससे विकास को गति मिलेगी। साथ ही मौजूदा मौद्रिक नीतियों के कारण मुद्रास्फीति प्रबंधन सही दिशा में जा रही है। एसएंडपी ग्लोबल ने कहा कि इन्हीं कारकों की वजह से उसने भारत की दीर्घावधि रेटिंग 'बीबीबी माइनस' से बढाकर 'बीबीबी' और आउटलुक स्टेबल कर दिया गया है। इसके अलावा अल्पकालिक रेटिंग 'ए-2' से बढ़ाकर ए-3 कर दी गई है। हालांकि स्थानांतरण एवं परिवर्तनीयता आकलन 'ए माइनस' से घटाकर 'बीबीबी प्लस' कर दिया गया है। एजेंसी का कहना है कि सतत नीतिगत स्थिरता और बुनियादी ढांचे पर भविष्य के लिए परिदृश्य स्थिर है, जो देश की दीर्घावधि विकास यात्रा में सहायक होगा। उसने कहा कि अगले दो साल में नीतिगत और मौद्रिक उपायों से सरकार पर ऋण का बोझ कम होगा, जिसे रेटिंग में और सुधार आएगा। साथ ही उसने चेतावनी दी कि राजनीतिक प्रतिबद्धता कम होने पर वह रेटिंग घटा सकती है और यदि रोजकोषीय घाटा कम होता है, तो वह रेटिंग बढ़ा भी सकती है। उसने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और साल 2022 से 24 तक उसकी औसत विकास दर 8.8 प्रतिशत रही।

# भारत को शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करें छात्रः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को यहां अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के आदिवासी समुदायों के 30 मेधावी छात्रों के साथ बातचीत की और उनसे राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने की दिशा में काम करने को कहा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ये बच्चे अंडमान और निकोबार कमान की सात दिन की राष्ट्रीय एकता यात्रा 'आरोहण: द्वीप से दिल्ली' के अंतर्गत यहां आए हैं। ये छात्र शुक्रवार को लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के भी साक्षी बनेंगे। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर ज़ोर दिया और उन्हें व्यक्ति के चरित्र निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू बताया। उन्होंने छात्रों से मानवीय मूल्यों में दृढ़ रहने और शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अपने चरित्र निर्माण पर भी समान रूप से ज़ोर देने का आह्वान किया। सिंह ने छात्रों से हर चुनौती का आत्मविश्वास और निडरता से सामना करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को आने वाले समय में भारत को सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और एकीकृत रक्षा स्टाफ के अध्यक्ष एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित भी उपस्थित थे।

### स्मृति दिवस पर राजनाथ और अमित शाह की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में भारत के विभाजन की भयावहता को याद करते हुए उस विभाजन में जान गंवाने लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद विभाजन का दंश झेलने वाले लोगों को याद करते हुए देश में हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाया जाता है। इस अवसर पर सिंह ने देश के इतिहास के उस 'दर्दनाक अध्याय' को याद करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर 1947 के उस दर्दनाक अध्याय को याद करते हुए मैं उन सभी भाइयों और बहनों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्हें भारत के विभाजन के बाद नफरत और हिंसा के भयावह परिणामों को सहना पड़ा।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



समस्त सम्मानित शिक्षकों कर्मचारियों एवं अधिकारियों तथा देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।
स्वतंत्रता दिवस पर पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण की समाप्ति के लिए अटेवा NMOPS के साथ संघर्ष करने की शपथ लें।
अटेवा-पेंशन बचाओ मंच रामपुर
दिगपाल गंगवार
जिलाध्यक्ष, जिला संयोजक
चंद्रशेखर — एच.एल. गंगवार, ब्लॉक अध्यक्ष, मिलक — शुभम सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष, शाहबाद — नेत्रपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष, बिलासपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सदाकत खाँ उर्फ शप्पू
सभासद
मोहल्ला नालापार वार्ड नंबर 7 नगर पंचायत शाहबाद

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
IMPACT COLLEGE OF SCIENCE & TECHNOLOGY
Affiliated to MJP Rohilkhand University Bareilly, Approved By N.C.T.E. Delhi & Govt. of U.P.
प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
बी.एस.सी. (पी.सी.एम.) — बी. कॉम (आनर्स)
बी.एस.सी. (जेड.बी.सी.) — डी.एल.एड. (बी.टी.सी.)
बी.एस.सी. (गृह विज्ञान) — बी.बी.ए.
बी.एस.सी. (बायो टैक्नोलॉजी) — बी.ए.
बी.एड. — एग्रिकल्चर (बी.एस.सी आनर्स)
डा0 सुल्तान अहमद सैफी, चेयरमैन
Website : www.impactcollege.net
E-mail : impactcollege@hotmail.com

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मौ. जावेद
प्रधान पति
ग्राम पंचायत मिलक हाशम, ब्लॉक सैदनगर, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भगवत शरण लोधी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कबरदी नगर, तहसील मिलक

TARAK EDUCATIONAL ACADEMY
Happy Independence Day 15 August
Surendra Singh, Manager — Paramjeet Kaur, Principal
Milak Road, Patwai Cont : 9412150973
E-mail : tarak.edu@gmail.com Web : tarakeducationalacademy.in

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
ग्राम प्रधान नीतू कुमार पति प्रवेश कुमार — त्रिवेन्द्र कुमार, सचिव
ग्राम पंचायत किरा, ब्लॉक शाहबाद

INDIAN INDUSTRIES ASSOCIATION
(IN THE SERVICE OF MSME SINCE 1985)
RAMPUR-CHAPTER
सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Shrish Gupta, Chairman — Manoj Garg, Secretary
Manoj Gupta, Ist Vice Chairman — Adarsh Agarwal, Vice Chairman — Umesh Agarwal, Vice Chairman — Ajay Agarwal, treasurer — Vinay Bansal, Joint Secretary
निवेदक :- सभी सदस्यगण आई.आई.ए.रामपुर चैप्टर

सभी देश वासियो को राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ट की तरफ़ से स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई हार्दिक शुभकामनाए
मौहम्मद उस्मान (बबलू)
क्षेत्रीय प्रभारी रुहेलखण्ड क्षेत्र (पूर्व जिला अध्यक्ष रामपुर)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
गौरव भटनागर
ग्राम पंचायत बांस नगली चमरौआ, रामपुर
टिंकू यादव

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फैजान खान
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैफनी, जनपद - रामपुर (यू.पी.)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव अवतार यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शिठौनी सराय महेश, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
दानिश खॉन
चेयरमैन - इन्टीग्रल डिग्री कॉलेज
INTEGRAL DEGREE COLLEGE SAIFNI (B.A, B.Sc, M.S.W, B.Com)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
आचार्य विवेक वशिष्ठ

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विशालवीर तूफानी — बजरंग दल, मुरादाबाद — जोगेन्द्र सिंह

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मुस्तेजार अली
रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत बकफेरी, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
श्रीमती छाया पत्नि चन्द्रभान
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत जटपुरा, ब्लॉक स्वार, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मनीष लोधी
ग्राम प्रधान, जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान संघ
ग्राम पंचायत बकैनिया विकास खण्ड चमरौआ रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति कलावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुकड़ी खेड़ा, ब्लॉक सैदनगर, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मो. उबैद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बैरुआ, विकास खण्ड शाहबाद, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विद्यासागर मिश्र — पंकज पंत

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
विद्यासागर मिश्र — अजय कुमार मिश्रा

समस्त देशवासियों को स्वतन्त्रा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती वृद्धावती, ग्राम प्रधान — ओम प्रकाश, प्रधान पति — भूपेन्द्र पाल, सचिव
ग्राम पंचायत सिकरौल, ब्लॉक चमरौआ, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
खुर्शीद अली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख चमरौआ
ग्राम पंचायत बांस नगली चमरौआ, रामपुर
इस्लाम, ग्राम प्रधान बांस नगली

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर
की तरफ सभी क्षेत्र वासियों
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं।
कुलदीप सिंह, सचिव — प्रताप मौर्य, वरिष्ठ लिपिक — विजय कुमार, अधिकार मित्र, शाहबाद

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
महिपाल सिंह — सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद — जितेन्द्र प्रताप

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
रईस अहमद
ग्राम प्रधान

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अमर पाल सिंह लोधी
प्रधानाचार्य
हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा भारत जिलाध्यक्ष रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
सबीना बी — डा. अकील अहमद
ग्राम पंचायत, जालिफ नगला, विकास खण्ड, मिलक

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. स. बल्देव सिंह औलख
श्रीमति अर्चना गंगवार — शारिक खाँ, ग्राम प्रधान
सौजन्य से -ग्राम पंचायत पैगम्बरपुर, विकास खण्ड मिलक, रामपुर

प्रस्तुति
इमरान हुसैन — सुशील कुमार — मुफीद अहमद, संवाददाता, सैफनी — मोहित शर्मा, सहयोगी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
प्रवीण कुमार शर्मा
प्रधानाचार्य

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
रक्षपाल सिंह
संस्थापक/पूर्व जिला पंचायत सदस्य।
आर०पी० सिंह इंटर कालेज जाहिदपुर शाहबाद रामपुर।

फहमीदा क्लिनिक, शाहबाद
की ओर से समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. रिजवान अहमद

# चेहल्लुम ! दहकते अंगारों पर चले अज़ादार

## कर्बला में हुई अजीम शहादत को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के चेहलुम पर गमगीन अजादारों ने दहकते अंगारों पर चलकर मातम करते हुए 1400 साल पूर्व कर्बला में हुई अजीम शहादत को याद किया। गुरुवार को शहर के इमामबाड़ों में सुबह से शुरू हुआ मातमदारी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। मजलिसों में अपने-अपने अंदाज में दास्तान-ए-कर्बला सुनाकर उलेमाओं ने अजादारों को रोने पर मजबूर कर दिया।

अंजुमन-ए-इमामिया के संयोजन में गुरुवार शाम शहर के मोहल्ला दानिशमंदान स्थित इमामबाड़ा अकबर अली में आग का मातम किया गया। परचम बुलंद कर दहकते अंगारों पर चले अजादारों ने या हुसैन-या हुसैन की सदाएं बुलंद की। वहीं, मोहल्ले में स्थित इमामबाड़ा वजीर-उन-निसा में मजलिस का आयोजन भी किया गया। मौलाना काजिम मेंहदी उरूज जौनपुरी ने कर्बला में हक और इंसानियत के खातिर दी गई इमाम हुसैन की कुर्बानी का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि यजीद की फौज ने अहलेबैत पर कैसे-कैसे जुल्म किए। जिसे सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गईं। मौलाना ने आगे कहा कि 1400 साल गुजरने के बाद भी इमाम हुसैन की शहादत आज भी ऐसे जिंदा है जैसे कल का वाक्या हो और इस शहादत को दुनिया रहते यूं ही याद किया जाता रहेगा। क्योंकि, कर्बला हमें हक, सब्र और इंसाफ की राह पर चलने का पैगाम देती है। मजलिस के बाद बेहद गमगीन माहौल में ताबूत व दुलदुल बरामद किया गया। अजादरों ने मातम करते हुए इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाया। इस दौरान माहिर हुसैन, नईम रजा, मीसम रजा, आलिम रजा, सिकंदर रजा, रिजवान जैदी, गुलाम अली, मोहम्मद काजिम आलिजा हसन, कोकब अब्बास, शहजाद रजा, अली नकवी आदि मौजूद रहे। वहीं, चेहलुम के सिलसिले में अमरोहा शहर से लेकर नौगावां सादात तक माहौल गमगीन बना रहा। घरों में जिक्र-ए-हुसैन के बीच नजर का एहतमाम भी किया गया।



# गमगीन माहौल में निकाला चेहल्लुम का जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कर्बला के 72 शहीदों की याद चेहल्लुम जुलूस निकाला गया। जुलूस में निकले बड़ी संख्या में लोगों ने मातम किया।

गुरुवार को शिया मस्जिद से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हम गगमगीन माहौल में चेहल्लुम का जुलुस बरामद किया गया। यहां पर बाहर से आये अंजुमनों ने सीनाजनी मातम करते हुए जुलूस को प्रस्तावित रास्तों पर निकाला। नोहा पढ़ने के साथ ही कर्बला के 72 शहीदों को याद कर उनको खिराजे अकीदत पेश की गई। यह जुलूस पूठ अड्डा काला शहीद गढ़ी वाली मस्जिद के सामने से होता हुआ इमामबाड़े के पास पहुंचा। पूरे रास्ते नोहा मातम पढ़ते हुए जुलुस को निकाला गया। चेहल्लुम के जुलूस में मातम मनाया गया। शिया धर्म गुरुओं ने बताया कि इस दिन हजरत इमाम हुसैन की बहादुरी की दास्तान सुनी और सुनाई जाती है। हक और सच्चाई के लिए उनकी शहादत को याद किया जाता है। जुलूस में ताजिये और अलम भी शामिल थे। आजादर नंगे पांव शहीदों को पुरसा देने के लिए जुलुस में साथ हो गये। सब खास ओ आम चेहल्लुम हुआ तमाम, चले आओ ए जव्वारों चले आओ, मेरी आवाज प लब्बेक पुकारो जाओं, दर्द भरे नोहों और या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ आजादारों के गमजदा चेहरे नम आंखों से कर्बला के शहीदों को पुरसा दे रहे थे।




अमरोहा। कुंदन इंटर कालेज में भारत विभाजन दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# मारपीट की दो घटनाओं के मुकदमे दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर क्षेत्र में मारपीट के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने छह लोगों को नामजद करते हुए आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पहली घटना रमाबाई डिग्री कालेज के सामने हुई। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव पूठी निवासी शुभ चौधरी दस अगस्त को किसी काम से गजरौला आए थे। आरोप है कि रमाबाई डिग्री कालेज के सामने दो बाइकों पर सवार गांव यकबगड़ी के रहने वाले मुकुल उर्फ बिट्टू बस्ती निवासी रितिक ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ शुभ चौधरी के साथ मारपीट करते हुए धारदार हथियार से

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच पड़ताल**

हमला कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुकुल उर्फ बिट्टू व रितिक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। दूसरी घटना मुहल्ला मायापुरी में हुई। यहां के रहने वाले महेंद्र सिंह का आरोप है कि 12 अगस्त को मुहल्ले के रहने वाले हरपाल, रिंकु, चंद्रशेखर व आनंद ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल व आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



हसनपुर। चेहल्लुम पर मातम करते अजादार।

# भारत का विभाजन भीषण त्रासदी

## परिवार टूटने का गम कभी न भूलने वाला जख्म

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि देश के विभाजन का निर्णय बेहद कष्टदायक था। रैड क्लिफ द्वारा खींची गई लाइन ने देश को तोड़कर रख दिया था।

कुंदन मॉडल इंटर कालेज में भारत विभाजन विभीषिका दिवस के मौके पर प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नही जा सकता। यह एक पीढ़ी का दर्द नहीं बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ी भी इससे प्रभावित होंगी। उन्होंने कहा कि विविधता ही देश की आत्मा है हम सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिये। चेयरमैन शशि जैन ने कहा कि बंटवारे का दर्द इतना भयानक था कि इसकी गवाही टूटे हुए घर आज भी देते है। हम सभी को उन महान लोगों को श्रद्धांजलि देनी चाहिये जिन्होंने इस दंश को झेला। विभाजन के दौरान जो क्षति देश को हुई वह इतिहास में आज तक नहीं हुई है। नफरत, हिंसा, आगजनी से हमारे लाखों भाई-बहनों को हमसे बिछड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम सभी को सबका साथ, सबका विकास के साथ आगे बढ़कर देश की तरक्की के बारे में सोचना चाहिये। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि भारत का विभाजन एक मानवीय त्रासदी थी। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि विभाजन हमेशा आपसी लड़ाई से होता है। कोई तीसरा व्यक्ति आकर हमारे बीच दरार पैदा करता है, हमें ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिये। इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, शर्मा देवी इंटर कालेज की छात्राओं ने आपरेशन सिंदूर, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने नाटक, हिल्टन कान्वेंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विभाजन विभीषिका पर नाटिका, लिटिल स्कालर्स के बच्चों ने प्ले एक्ट एण्ड डांस, श्रीराम चन्द्र बत्री स्कूल के बच्चों ने एकल नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, पीडीडीआरडीए अम्बरीष कुमार, डीआईओएस डा. प्रवेश कुमार, बीएसए मौजूद रहीं।

# 50 हजार की सुपारी देकर कराई आशीष की हत्या

## साथी कलाकार के साथ समलैंगिंग संबंध, रामलीला में करता था महिला का किरदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आशीष की हत्या का हसनपुर पुलिस ने एसओजी-सर्विलांस टीम की मदद से खुलासा कर दिया है। तीन हत्यारोपियों की गिरफ्तारी कर घटना में इस्तेमाल थ्री व्हीलर व मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है। पार्टी संचालक बंटी ने 50 हजार रुपये में सुपारी देकर उसकी हत्या कराई थी। मृतक आशीष होमोसेक्सुअल था, हत्यारोपी बंटी के साथ उसके अवैध संबंध भी थे। छह महीने पूर्व पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद में पार्टी छोड़ना उसकी हत्या की मुख्य वजह रहा।



जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में करनपुर-भूतखदेड़ी के जंगल में एक युवक का शव पड़ा मिला था। युवक के गले में नायलॉन की रस्सी कसी हुई थी। करीब 16 घंटे बाद मृतक की शिनाख्त संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पवासा निवासी हरि सिंह के बेटे आशीष की शक्ल में हुई थी। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था तथा जागरण पार्टी व रामलीला में महिला पात्र का किरदार निभाता था। मृतक की बहन पुष्पा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर हसनपुर पुलिस तभी से हत्यारोपियों की सुरागकशी में जुटी हुई थी। एसपी अमित कुमार आनंद ने हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी-सर्विलांस टीम को भी लगाया था। क्लू मिलने पर पुलिस ने संभल कोतवाली के मोहल्ला नूरिया सराय निवासी बंटी सैनी, नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला रायशक्ति नवाबपुर निवासी बिट्टू सैनी व नरेश सैनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो तीनों ने आशीष की हत्या करना स्वीकार कर लिया।गुरुवार को पुलिस कार्यालय सभागार में एसपी ने आशीष हत्याकांड का राजफाश किया। बताया कि मृतक बीते 10-12 बंटी सैनी की सांस्कृतिक झांकी में काम करता था। आशीष होमोसेक्सुअल भी थी। दोनों के बीच अवैध संबंध थे। छह महीने पूर्व पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद होने पर आशीष।बंटी की पार्टी छोड़ संभल के ही रहने वाले हैप्पी व शुभम की पार्टी में शामिल हो गया था। आशीष के पार्टी छोड़ने के बाद बंटी को कारोबारी नुकसान हो रहा था। बंटी उस पर वापस आने के लिए दबाव बना रहा था लेकिन आशीष ने वापसी से साफ इनकार कर दिया था। इसी रंजिश में बंटी ने बिट्टू व नरेश को 50 हजार रुपये में आशीष की हत्या की सुपारी दी थी। एसपी ने बताया कि तीनों हत्यारोपियों का चालान कर दिया गया है।

# गंगा की तेज धार में बही 5 मीटर सड़क

## दो जिलों के बीच टूटा सम्पर्क



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में गुरुवार की रात अमरोहा-बुलंदशहर मार्ग पर स्थित गंगानगर पुल की 5 मीटर तक सड़क पूरी तरह गंगा कि तेज धार में कट गई। इसको लेकर गंगा किनारे बसे ग्रामीणों में दहशत है। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश के चलते और पानी छोड़े जाने से गंगा उफान पर है। गंगानगर के निकट स्थित पुल की करीब 5 मीटर सड़क पूरी तरह से कटकर अलग हो गई। गंगानगर पुल के नजदीक काफी दिनों से कटान चल रहा है। बाढ खंड विभाग प्लास्टिक के बोरों में मिट्टी भरवा कर पुल की अप्रोच सड़क को रोकने का लगातार प्रयास कर रहा है। अगर सड़क पूरी तरह से कट गई तो अमरोहा और बुलंदशहर जिले के बीच का संपर्क टूट जायेगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि गंगानगर पुल से मेहरपुर,जयतौली समेत समेत भारी संख्या में लोगों का पुल से आवागमन रहता है। अब जबकि गंगा के कटान से सड़क कट रही है। इसे देखते हुए गंगानगर पुल पर पूर्ण रूप से आवाजाही बंद कर दी गई है। बाढ़ खंड के ठेकेदार सुभाष कुमार ने बताया कि लगातार मिट्टी के बोरे भरकर एवं जाल लगाकर सड़क को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। लगभग 4 से 5 मीटर सड़क कट चुकी है। कोशिश जारी है कि सड़क को कटने से रोका जाये। जिसके लिए लगातार मजदूर कार्य कर रहे हैं। एसडीएम पुष्करनाथ चौधरी ने बताया कि लगातार बाढ़ ग्रस्त इलाकों में नजर रखी जा रही है। गंगानगर पुल पर लगातार मजदूरों द्वारा कार्य कराया जा रहा है।

# एनसीसी कैडेट्स ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** आरएचएम डिग्री कालेज डिडौली के एनसीसी कैडेट्स व अध्यापकों द्वारा कस्बे में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसका शुभारंभ कालेज परिसर से हुआ। यात्रा में शामिल कैडेट्स व शिक्षक हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। तिरंगा यात्रा कस्बे के विभिन्न रास्तों से होते हुए लोगों में देशभक्ति का उत्साह जगाती चल रही थी। राहगीरों व दुकानदारों ने तिरंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। प्राचार्य डा. हरिओम अवस्थी ने कहा कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए इस तरह के आयोजन बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में प्रबंधक मोहम्मद आसिफ, डा. बलराम सिंह, डा. अनिल, ओमवीर सिंह, महक जारा आदि मौजूद रहीं।

# तिरंगा हमारे देश की एकता का प्रतीकः जुल्फेकार

## ब्लाक कर्मियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** ब्लाक कर्मियों द्वार हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें देश भक्ति के नारों की गूंज दूर तक सुनाई दी।

ब्लाक सभागार से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में शामिल सभी कर्मी बाइक पर सवार होकर हाथों पर तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा हाईवे से होते हुए गांव चौधरपुर स्थित अमृत सरोवर पर पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी लोकचंद आनंद ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता का प्रतीक है। ब्लाक प्रमुख जुल्फेकार अली ने कहा कि देश की एकता हो बनाये रखने के लिये युवा अपनी जिम्मेदारी समझे। कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह परमानंद, ग्राम विकास अधिकारी नेपाल सिंह, कुंवर ज्योति, अंजुम परवीन, मोहित चौधरी, आलोक कुमार, अमरजीत सिंह, हेमलता, इमामुद्दीन, इरफान अली, सचिन पाल, सत्यम बंसल, दिवेश कुमार, परबेन्द्र सिंह, मौ. अयूब, नीरज कुमार, निशात मौजूद रहे।

# मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा भारत

## डा. ढिल्लो ने सरकार को जमकर सराहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा क आज भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। प्रधानमंत्री देश के सामने आने वाली हर परेशानी का हल आसानी से ढूंढ लेते हैं।



विधानसभा सत्र के दौरान डा. हरि सिंह ढिल्लो ने सरकार की प्रशंसा करते कहा कि कोरोना महामारी के दौरान केन्द्र सरकार ने देश के अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उनके जख्मों पर मरहम लगाया। आज देश मजबूत अर्थ व्यवस्था के साथ दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की तारीफ करते कहा कि योगी राज में साढ़े आठ साल में प्रदेश के अंदर जो परिवर्तन हुए है वह आज तक कोई सरकार नहीं कर सकी। जब 2017 में भाजपा की सरकार बनी थी तो 86 लाख किसानों का 36 हजार करोड़ रूपये का कर्ज माफ हुआ। प्रदेश सरकार ने बिना भेदभाव के हर वर्ग का विकास कराया। इस समय सरकार का मकसद युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार देकर प्रदेश के विकास में भागीदार बनाना है।

# श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की चेयरपर्सन अंशु नागपाल और निदेशक समीर नागपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखा और उनके प्रयास की सराहना की।

छात्र-छात्राओं ने श्री कृष्ण और राधा के रूप में सज-धजकर अपनी रचनात्मकता और भक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद कान्हा जी को माल्यार्पण किया गया। आकर्षक झांकियों के माध्यम से राधा-कृष्ण की मनमोहक झलक दिखाई गई, जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों की प्रस्तुति ने भगवान कृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों को जीवंत कर दिया। चेयरपर्सन ने जन्माष्टमी के अवसर पर सभी

**उल्लास**

**भगवान श्री कृष्ण व राधा के रूप में बच्चों ने प्रस्तुत की नाट्य प्रस्तुति**

छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण की शिक्षाएं हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे भगवान कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के लिए एक सकारात्मक योगदान दें। प्रधानाचार्या निशि सिंह ने कहा कि यह उत्सव न केवल छात्रों के लिए जन्माष्टमी के महत्व को समझने का अवसर था, बल्कि उनके लिए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का भी एक मंच था।

# रेन वाटर हार्वेस्टिंग में न बरतें लापरवाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने चेताया कि रेन वाटर से संबंधित यदि कोई समस्या है तो उसे विभाग से जानकारी लेकर ठीक करें। लापरवाही पर कार्रवाई के लिये तैयार रहे।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत कैच द रैन कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग पोर्टल पर ठीक से फीडिंग करें। रीडिंग में कोई डुप्लीकेशन नही होना चाहिये। यदि ऐसा किया तो संबंधित के खिलाफ शासन द्वारा जिम्मेदारी तय की जायेगी तथा सख्त कार्रवाई की जायेगी। फीडिंग के काम में किसी प्रकार की कोई गलती न हो। डुप्लीकेशन पर शिकायत नहीं आनी चाहिये।

# विधायक ने 'विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश' पर रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** मंडी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने विधानसभा मानसून सत्र 2025-26 के तीसरे दिन ऐतिहासिक रूप से 24 घंटे लगातार चली रात्रिकालीन कार्रवाई में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश 2047' महत्तवपूर्ण विषय पर अपने विचार व्यक्त किए, साथ ही धनौरा विधानसभा क्षेत्र में शेरपुर से दरबड़ तक अवशेष तटबंध बनवाने की मांग की। उन्होंने अपनी धनौरा विधानसभा क्षेत्र के शेरपुर से दरबरथेट तक अवशेष तटबंध की मांग की एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। विधायक ने बताया कि विधानसभा मानसून सत्र उनके द्वारा बाढ़ की परेशानी से मुक्ति दिलवाने की मंशा से शेरपुर से दरबरथेट तक अवशेष तटबंध के निर्माण को पूरा करने का मुद्दा उठाया गया है। उन्होंने बताया कि सत्र के अलावा भी कई मंत्रियों से मिलकर विधानसभा क्षेत्र की बात रखी हैं। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास कराना, पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ाना, शिक्षा और स्वास्थय की दृष्टि से सभी बिंदुओं पर काम करना उनकी प्राथमिकता रही है और आगे भी जनमानस की सेवा और विकास का यही सिलसिला चलता रहेगा।

## तेजू सिंह डिग्री कॉलेज से निकली तिरंगा रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** राजभवन एवं गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान के अर्न्तगत देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु ग्राम शहबाजपुर स्थित तेजू सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज ने छात्र-छात्राओं को एकत्रित करके रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रबंधक अशोक चौधरी ने कहा कि हम भारत के वीर शहीदों के प्रति ऋणी हैं, जिन्होंने अपने प्राणों को न्यौछावर करते हुए हमें आजादी दिलाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे देश के उत्थान में कार्य करें। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.ओमवीर सिंह, इकपाल सिंह, आरिफ अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने भी शहर में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** देश के सबसे बड़े पर्व स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र में हर कोई देशभक्ति से ओतप्रोत है। नगर क्षेत्र में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। बृहस्पतिवार को पुलिस द्वारा नगर में एक तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल प्रत्येक पुलिसकर्मी अपने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति का उत्सव मनाता नजर आया।

बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान के नेतृत्व में थाने की समस्त पुलिस कर्मियों और पुलिस पेंशनर्स संगठन के जिलाध्यक्ष ओपी शर्मा के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। थाने से शुरू हुई यात्रा पूरे शहर में घूमी। इस दौरान प्रत्येक पुलिस कर्मी के हाथ में बड़ा सा तिरंगा लहराते हुए नजर आया। देशभक्ति नारों से वातावरण गूंज उठा। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कहा कि हमारे देश को स्वतंत्र कराने के लिये हमारे देश के अनगिनत स्वतंत्रता सेनानी अपने प्राणों को हंसते हंसते न्यौछाव कर गए। हम आदर और सम्मान सहित देश के शहीदों, स्वतंत्रता सेनानायियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इस मौके पर सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी तेजवीर सिंह अलूना समेत अनेकों लोग शामिल रहे।

# कोतवाली प्रभारी को राष्ट्रपति गैलेंट्री मेडल से किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह को उनकी बहादुरी और उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 21 जुलाई 2021 को नोएडा में हुई एक साहसिक मुठभेड़ के लिए मिला, जिसमें उन्होंने 2 लाख रूपये के इनामी बदमाश अजय कालिया को मार गिराया था।

7 जुलाई 2021 को, जब मुनीष प्रताप सिंह नोएडा के सेक्टर-20 कोतवाली प्रभारी थे, उन्हें कुख्यात अपराधी अजय कालिया के सेक्टर-14 नाले के पास होने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत अपनी टीम के साथ घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस ने उसे पकड़ने की कोशिश की, कालिया ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में, मुनीष प्रताप सिंह और उनकी टीम ने बहादुरी दिखाते हुए अजय कालिया को मार गिराया। अजय कालिया, जो खुद को एक्सल गैंग का सरगना बताता था, कई गंभीर अपराधों में वांछित था। यह गैंग हाई-वे पर वाहनों को पंचर करके लूटपाट करता था और विरोध करने पर हत्या करने से भी नहीं हिचकता था। वह बुलंदशहर हाइवे पर हुए चर्चित गैंगरेप कांड का मुख्य आरोपी था, जिसकी जाँच सीबीआई को सौंपी गई थी। पुलिस ने उसके पास से एक देसी राइफल, 9 एमएम पिस्टल, कारतूस, और लूट में इस्तेमाल होने वाले औजार जैसे कि एक्सेल और कीलें बरामद किए थे। मुनीष प्रताप सिंह को उनकी इस बहादुरी के लिए पहले भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं, जिनमें उत्कृष्ट सेवा सम्मान पदक, डीजी सेवा डिस्क और सरहानीय सेवा सम्मान शामिल हैं। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि ऐसे जाँबाज़ पुलिसकर्मी पूरे जिले का गौरव बढ़ाते हैं। यह भी बताया गया है कि मुनीष प्रताप सिंह की पत्नी रेनूका सिंह भी पुलिस में इंस्पेक्टर हैं और वर्तमान में मेरठ में तैनात हैं। उनका परिवार पुलिस सेवा से जुड़ा रहा है। उनके पिता स्वर्गीय नरेंद्र सिंह चौहान और नाना स्वर्गीय वीरपाल सिंह भी पुलिस विभाग में कार्यरत थे।

# देशभक्ति के नारों से गूंज उठा वातावरण

**सम्मान**

- **देश के अमर शहीदों को किया नमन, सम्मान से लहराया तिरंगा**



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अमरोहा जनपद के गजरौला में भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह चौधरी के नेतृत्व में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई। रैली में सैकड़ों बाइकों पर सवार लोग हाथों में तिरंगा लिए भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। बृहस्पतिवार को गजरौला में हाईवे किनारे स्थित डा.सोरन सिंह चौधरी के कैंप कार्यालय से रैली का शुभारंभ हुआ। जिलाध्यक्ष उदय गिंरि गोस्वामी, वरिष्ठ भाजपा नेता होरी सिंह जाटव, चौ.चरण सिंह एवं डा.सोरन सिंह चौधरी ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश की सरकार ने देश के शहीदों और महापुरूषों को सम्मान देने का काम किया है। रैली कैंप कार्यालय से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, खादगूजर तिराहा होते हुए बारसाबाद, खादगूजर आदि हुए एमडी फार्म हाउस खादगूजर में पहुंचकर पहुंचकर सम्पन्न हुई। डॉ.सोरन सिंह ने कहा कि उनके एक छोटे से बुलावे पर तमाम लोगों ने पहुंचकर उत्साहवर्धन किया है, इसके लिये वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यागी, मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, रामरतन सिंह, डॉ.राजीव शुक्ल एडवोकेट, सुशील सिद्धू, सचिन त्यागी, नरेन्द्र सिंह, उत्तम सिंह प्रजापति, अंकुर नागर, मनमोहन सिंह सैन, हरेन्द्र सिंह, सरजीत सिंह, शैली चौधरी, निहार त्यागी, सतेन्द्र सिंह, उधम सिंह, शाहिद मलिक, योगेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दबंगों ने गर्भवती को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** गर्भवती महिला के पेट में लात मार कर चोटिल कर दिया। पीड़ित ने सीओ से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव फूलपुर निवासी किशोर पुत्र रामसरन ने सीओ को पत्र देकर कहा है कि 29 जुलाई को दबंगो ने उनके घर पर चढ़ाई कर दी। दबंगो ने उसके पुत्र के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। जब उसकी गर्भवती पत्नी सोनवती उसे बचाने आई तो दबंगों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। उसके पेट में बच्चों को भी चोटे आयी है। सोनमती की हालत गंभीर है। डायल 112 को फोन किया। आरोपियों को वह अपने साथ नहीं ले गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने ली बर्ड फ्लू टास्क फोर्स की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बर्ड फ्लू एवियन इन्फ्लूएंजा टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रामपुर जिले में H5N1 एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि होने के बाद बीमारी से बचाव के लिए तैयारियों और सावधानियों पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी।

पशुपालन, स्वास्थ्य, वन और पर्यावरण, सिंचाई, राजस्व, पंचायती राज और नगर निकाय सहित विभिन्न विभागों के सदस्यों को मिलाकर एक संयुक्त टास्क फोर्स बनाई गई है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बर्ड फ्लू को एक वायरल इन्फेक्शन बताया, जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में पक्षियों की आँख और नाक से लाल पानी आना, हरे या लाल रंग का पतला दस्त, बुखार, कलगी और पैरों का बैंगनी हो जाना, और अंडे का उत्पादन कम होना शामिल है। बीमारी से बचाव के लिए बायोसिक्योरिटी, साफ-सफाई, बीमार पक्षियों से दूरी बनाए रखना, और मृत पक्षियों का सही तरीके से निपटान डिस्पोजल पिट में करने जैसे सुझाव दिए गए। वर्तमान में हापुड़ जिले में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। पशुपालन विभाग ने पांच रैपिड रेस्पॉन्स टीमें बनाई हैं, जो पोल्ट्री फार्मों का नियमित निरीक्षण कर रही हैं और सैंपल जांच के लिए भेज रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बीमारी से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर ली है, जिसमें 450 पीपीई किट, 5000 टैमीफ्लू टैबलेट, 2000 मास्क, 500 H1N1 मास्क, और 100 बिस्तरों का आइसोलेशन वार्ड शामिल है। बर्ड फ्लू से संबंधित किसी भी सूचना के लिए 0122-2980035 और 0122-2980038 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपनी तैयारियां पूरी रखने, आम जनता को बर्ड फ्लू के बारे में जागरूक करने, और पोल्ट्री फार्मों से अधिक से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजने का निर्देश दिया।

# नगर पालिका परिषद में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर पालिका परिषद हापुड़ के हॉल में शविभाजन विभीषिका स्मृति दिवसश का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 1947 के विभाजन के दौरान हुए नरसंहार और विस्थापन की भयावहता को याद करना था। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर और भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने विभाजन से विस्थापित परिवारों की याद में मोमबत्ती जलाकर की। कार्यक्रम में कई प्रमुख अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद थे जिनमें जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानेजय सिंह, और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम शामिल थे। श्री जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने विभाजन की त्रासदी पर आधारित एक कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने विभाजन पीड़ित परिवारों के सदस्यों को शॉल देकर सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक, जो इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी थे उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र स्टेशन पर सतर्कता, चलाया चैकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर रेलवे आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेनों और रेलवे स्टेशन व अन्य क्षेत्र में जांच की। इसके अलावा ट्रेनों में यात्रियों और रेलवे स्टेशन पर लोगों के सामान की तलाशी ली गई।

आरपीएफ इंचार्ज राकेश त्यागी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ वो जीआरपी टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेनों, रेलवे स्टेशन और अन्य क्षेत्र में जांच की गई। यात्रियों सहित रेलवे स्टेशन व आसपास चेकिंग के दौरान हर संदिग्ध पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि रेलवे सुरक्षा बल 24 घंटे स्टेशन व रेलवे लाइनों के आसपास पेट्रोलिंग करती है लेकिन स्वतंत्रता दिवस को लेकर यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह सुरक्षा बढ़ाई गई है। यात्रियों से भी अपील की गई है कि वह आसपास या ट्रेनों के अंदर किसी प्रकार से कोई संदिग्ध वस्तु या किसी संदिग्ध व्यक्ति को देखे तो सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि किसी भी बड़ी अनहोनी घटना को रोका जा सके।

# जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने सुना वोट चोरी का सम्बोधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को देखा, जिसमें उन्होंने चुनाव आयोग के समक्ष कथित वोट चोरी के मुद्दे को उठाया।

इस दौरान जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी सहित कई स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। उन्होंने राहुल गांधी के संदेश को जनता तक पहुँचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने यह प्रतिज्ञा ली कि कांग्रेस की प्राथमिकता लोकतंत्र की रक्षा करना, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना और जनता के विश्वास को बनाए रखना है। उन्होंने इस मिशन में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का संकल्प लिया।

इस बैठक में अरविंद शर्मा, धर्मेंद्र कश्यप, नरेश भाटी, सुखपाल गौतम, दीपक मोघे, अंकुर अग्रवाल, यशपाल सिंह ढिलोर, विनोद कर्दम एडवोकेट, विक्की शर्मा, रविंदर प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार, कपिल शर्मा, पूरनमल आनंद, विनोद कर्दम, भरत लाल शर्मा, अफजाल अंसारी, खुशनूद अली, अब्दुल कलाम, संदीप कुमार, अरविंद शर्मा, सुरेंद्र सिंह जाटव, और शिवम गौतम सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वतंत्रता दिवस की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने कड़ी चौकसी बरत रही है। एसपी ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिले भर में फ्लैग मार्च किया। पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थानों बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजारों में वाहनों की गहन जांच की गई। दोपहिया वाहन चालकों की विशेष जांच की जा रही है। एसपी ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पूरे जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई संदिग्ध वस्तु दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस ने शहर के हर चौराहे पर अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। एसपी ने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

# रूद्रा इंस्टीट्यूट में छात्रों का हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** रूद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी नानपुर हापुड़ में गुरूवानर को को बीकॉम, बीएससी गृहविज्ञान, बीएससी गणित, बीएससी बायोलॉजी पाठयक्रम के नवप्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिए दीक्षारंभ 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारम्भ हवन पूजा से आरम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभांरभ आदरणीय प्राचार्या पूनम नागर, शेंकी त्यागी, पवन तोमर, रुचि शर्मा, कविता रानी, विकास मोहन ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया तथा कॉलेज की शिक्षिकाओं ने नव प्रवेशित छात्र छात्राओं का स्वागत स्वागतम गीत के साथ किया।

संस्थान की प्राचार्या डा. पूनम नागर ने रूद्रा परिवार में सम्मलित हुए छात्र / छात्राओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण अंग बालक ही होते है। वर्तमान में शिक्षा का केन्द्र बिन्दु बालक ही है। प्राचार्या महोदया ने दीक्षारंभ का अर्थ बताते हुए शैक्षिक व सहशैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने रूद्रा ग्रुप की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी छात्र छात्राओं को दी। और उनके स्वस्थ, सम्रद्ध व उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या महोदया ने सभी छात्र / छात्राओं को यह शपथ दिलाई कि मैं प्रतिज्ञा करती हूँ / करता हूँ कि मैं संस्थान के नियमों का पूर्णतः पालन करुंगी / करुंगा। मैं संस्थान के प्रति समर्पित भाव से अनुशासित रहते हुए अध्ययन करुंगी / करुंगा। मैं अपने परिवार व संस्थान का नाम रोशन करने का पूर्ण प्रयत्न करुंगी /करुंगा। वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष शेंकी त्यागी जी पुराने कीर्तिमान स्थापित करने वाले पुराने वर्ष के छात्र/छात्राओं का उदाहरण देते हुए यह भरोसा जताया कि हमारे नवागतुंक छात्र / छात्राऐं भी हमारे कॉलिज का परचम राष्ट्र स्तर पर फहरायेगें। इस अवसर पर प्रदीप नागर, अक्षय कुमार, सिद्धार्थ त्यागी, अतुल त्यागी, असब, पारुल निमेष, ज्योति ठाकुर, प्रिया बडगुजर,हयात परवीन, हीना परवीन, विक्की चपराना, साक्षी भारद्वाज, तनुष्का शर्मा,प्रिया एवं अन्य सभी शिक्षक / शिक्षिकाऐं उपस्थित रहे।

### सांडों की लड़ाई में ई रिक्शा में बैठे युवक की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शीशगढ़।** शीशगढ़ धनेटा मार्ग पर गिरधरपुर के निकट दो सांडों की लड़ाई में ई रिक्शा पलटने से उसमें बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई

शीशगढ़ के मोहल्ला नई बस्ती अंसारनगर निवासी मो अयूब उर्फ गुड्डू 40 वर्ष आज रात्रि करीब 8बजे शीशगढ़ से ई रिक्शा में बैठकर ग्राम जाफरपुर अपनी ससुराल जा रहा था ग्राम गिरधरपुर लोटस स्कूल के निकट सड़क पर दो सांड आपस में जंग लड़ रहे थे। लड़ते लड़ते सांड ने सामने ई ईशा देखते ही उसको पलट दिया। ई रिक्शा में बैठे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर घर में कोहराम मच गया। चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिवार के लोगों को सांत्वना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ई रिक्शा में मृतक अकेला ही बैठा था।

# ई-ऑफिस संचालन में ढिलाई बरतने वाले 23 अफसरों पर कसा शिकंजा

■ कमिश्नर ने अगस्त माह का वेतन रोके जाने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** शासन के निर्देशों के क्रम में बीते 30 अप्रैल के उपरान्त प्रत्येक दशा में मण्डल के समस्त शासकीय कार्यों में पत्रावलियों के व्यवहारण एवं पत्राचार ई-आफिस के माध्यम से कराये जाने हेतु कमिश्नर सौम्या अग्रवाल द्वारा समस्त मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। परन्तु समीक्षा में पाया गया कि अभी भी 23 अधिकारी ऐसे शेष हैं कि जिनके द्वारा तीन माह की



अवधि से ई-आफिस पर लॉगिन नहीं किया गया, तथा पत्रावलियों का व्यवहार ई-आफिस के माध्यम से नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में इन अधिकारियों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु 12 अगस्त तक उक्त अधिकारियों द्वारा स्पष्टीकरण भी उपलब्ध नहीं कराया गया है।

कमिश्नर द्वारा प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत नाराजगी जताते हुए शासन के निर्देशों के क्रम में मण्डल के 23 अधिकारियों के विरूद्ध अगस्त माह का वेतन अग्रिम आदेशों तक बाधित किये जाने के निर्देश दिये गये, तथा पत्रावलियों का व्यवहारण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### वेतन रोके जाने वाले अधिकारियों के पदनाम

उप निदेशक, सिचाई एवं जल संसाधान (शारदा कमाण्ड), उप निदेशक (माध्यकि शिक्षा), क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, संयुक्त आयुक्त (उद्योग), सीनियर हाईड्रोलॉजिस्ट, भू-गर्भ जल विभाग, मण्डलीय मनोविज्ञान केन्द्र, अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), बरेली वृत्त, सहायक निदेशक, सेवायोजन, मण्डलीय कमाण्डेन्ट (होमगार्ड), अधीक्षण अभियन्ता, भू-गर्भ जल विभाग, अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, क्षेत्रीय खाद्य नियन्त्रक, उप निदेशक (विद्युत/यांत्रिक), मण्डी परिषद, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई बाढ़ कार्य, अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई पंचम मण्डल, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, उप निदेशक (पर्यटन), संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त रजिस्ट्रार सहकारिता, मण्डलीय लेखा परीक्षण यूनिट, संयुक्त निदेशक, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सहायक नियंत्रक विधिक माप विज्ञान, उप निदेशक (निर्माण) मण्डी परिषद हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने बस से मदरसा संचालक को उतारा, चार दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

शाह टाइम्स संवाददाता



**नवाबगंज।** अपनी ससुराल पलिया सिंघाई से प्राइवेट बस से आ रहे एक मदरसा संचालक को पुलिस ने रिछोला चौकी पर उतार लिया, पिछले चार दिनों से दर दर भटक रहे उसके भाई ने गुरुवार को एसएसपी को पत्र देकर लापता भाई की बरामदगी की मांग की है।

शहर रामपुर के रहने वाले शन्नू मलिक पुत्र अब्दुल्ला द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक उनका चचेरा भाई अब्दुल मजीद जो तहसील फरीदपुर के थाना भुता क्षेत्र के गांव फैजनगर में पिछले एक दशक से अधिक समय से मदरसा चला रहा है। गुजरी नौ अगस्त को शाम करीब चार बजे मदरसा संचालक अब्दुल मजीद अपनी ससुराल सिंघाई से प्राइवेट बस से बैठकर दिल्ली जा रहा था कि रात करीब डेढ़ बजे थाना नवाबगंज की रिछोला किफायतुल्ला स्थित पुलिस चौकी पर पुलिस ने बस को रुकवाकर उसे उतार लिया था। जब मदरसा संचालक दिल्ली नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू की गई तो यह जानकारी बस चालक ने उसके भाई शन्नू मलिक को दी। तभी से शन्नू मलिक अपने मदरसा संचालक भाई को इधर उधर तलाश रहा है, लेकिन उसे इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को बरेली कोतवाली पुलिस से पता करके नवाबगंज पहुंचे शन्नू मलिक ने पुलिस से अपने भाई के बारे में जानकारी की लेकिन उन्होंने भी कोई जानकारी होने से इनकार कर दिया। थक हार कर मदरसा संचालक के भाई ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत करते हुए भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है। उसने एसएसपी को भी पत्र देकर भाई की बरामदगी की मांग की है।

**दर-दर भटक रहे भाई ने एसएसपी से लगाई गुहार**

### एसटीएफ के शेर पोसवाल को वीरता सम्मान, एक लाख के इनामी को किया था ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** यूपी एसटीएफ के जांबाज जवानों की बहादुरी एक बार फिर सुर्खियों में है। बरेली यूनिट के मुंशी आरक्षी नायक गिरजेश पोसवाल को पुलिस महानिदेशक 15 अगस्त 2025 को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से नवाजेंगे।

पोसवाल वही शेरदिल सिपाही हैं, जिन्होंने 17 जुलाई 2024 की रात शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र में एक लाख रुपये के इनामी, कुख्यात अपराधी शाहनूर उर्फ शानू को मुठभेड़ में ढेर करने में अहम भूमिका निभाई थी। हत्या, लूट और डकैती जैसे कई संगीन मामलों में वांछित यह बदमाश लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची में मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक की ओर से वीरता पदक, उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह और प्रशंसा चिन्ह पाने वालों के नाम घोषित किए गए हैं। वीरता पदक एसटीएफ मुख्यालय के पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार सिंह और धर्मेश कुमार शाही समेत कई अफसरों को मिलेगा। वहीं उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एसटीएफ मुख्यालय के राजेश (मु0आ0 पीएसी) को प्रदान किया जाएगा। सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह बरेली यूनिट के गिरजेश पोसवाल, मुख्यालय के तेज बहादुर सिंह व विनोद कुमार सिंह, और आगरा यूनिट के दिनेश कुमार समेत कई जांबाजों को मिलेगा। स्वर्ण, हीरक और रजत प्रशंसा चिन्ह वाराणसी, नोएडा, मेरठ और मुख्यालय के कई अफसरों व जवानों को शौर्य के आधार पर दिए जाएंगे। इस सम्मान के साथ गिरजेश पोसवाल का नाम अब उन वीरों की सूची में दर्ज हो गया है, जिन्होंने वर्दी की शान और कानून की जीत के लिए अपनी जान की परवाह नहीं की।

**शाहजहांपुर में कुख्यात अपराधी शाहनूर को मुठभेड़ में भेजा था मौत के घाट 15 अगस्त को मिलेगा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह**

## माधवराव सिंधिया स्कूल में बही देशभक्ति की बयार




शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संगम कला ग्रुप बरेली चौप्टर द्वारा माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, बरेली के संयुक्त तत्वाधान में विद्यालय प्रांगण में भव्य देशभक्ति गीतों पर आधारित गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मां शारदे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।

निर्णायक मंडल में संगीत व साहित्य जगत की तीन प्रतिष्ठित प्राचार्य अवनीश यादव, प्राचार्य राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, डॉ. हितु मिश्रा तथा प्रख्यात शास्त्रीय गायिका डॉ. निधि मिश्रा शामिल रहीं।

भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के बादशाह कहे जाने वाले गुलशन कुमार की फिल्म सिटी स्थित ज मतपमे म्यूजिक अकादमी से गायकी के गुर सीख रहीं सिंगर श्रेया प्रभजोत और जी टीवी सारेगामा फेम स्वरित तिवारी ने भी देशभक्ति गीत से समां बांधा।

प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने तीन वर्गों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। सभी ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। लाइव ऑर्केस्ट्रा ने गायकों का भरपूर साथ दिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल और डॉ. प्रियंका सरकार ने ऑर्केस्ट्रा सदस्यों, निर्णायक मंडल और सभी प्रतिभागियों को स्मृतिचिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

**सब जूनियर ग्रुपः** प्रथम,ध्रुव, द्वितीय अद्वितीय पांडे, तृतीय पर्णिका बिष्ट, **जूनियर ग्रुपः** प्रथम अतिशय मनोहर, द्वितीय स्वरित तिवारी, तृतीय ध्रुविका शुक्ला, **सीनियर ग्रुपः** प्रथम फैजी, द्वितीय मोनिश, तृतीय प्रियंका।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सौरभ कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष संगम कला समूह बरेली चौप्टर एवं प्रबंधक माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय सामाजिक संस्था भारत विकास परिषद् रूहेलखण्ड पूर्वी प्रांत के प्रांतीय महासचिव राहुल यदुवंशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रियल एस्टेट कारोबारी प्रशांत पांडेय उपाध्यक्ष, स्वयं वर्मा कार्यक्रम एवं मीडिया संयोजक तथा विद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रियंका सरकार अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिनेश पांडेय, गायक व रिषव टायर एजेंसी मीरगंज के राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

## किसान न हों परेशान, बरेली में नहीं है उर्वरकों की कमी

■ खाद की कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई, छह दुकानों के लाइसेंस रद्द, तेरह निलंबित



शाह टाइम्स ( मो. इरफान मुनीम )

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश और सख्त मॉनिटरिंग के कारण बरेली जिले के किसानों को इस खरीफ सीजन में खाद का कोई संकट नहीं है। धान, गन्ना और अन्य फसलों के लिए आवश्यक यूरिया, डीएपी, एनपीके, पोटाश और सुपर फास्फेट का भरपूर भंडार उपलब्ध है। सभी ब्लॉकों में किसानों को उर्वरकों का वितरण तेजी व पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी ने बताया कि अब तक जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 75 प्रतिशत उर्वरक किसानों तक पहुंच चुका है, और सभी ब्लॉकों में स्टॉक पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उनके लाइसेंस निलंबित और निरस्त किये जा रहे हैं। नकली उर्वरकों की सूचना पर सैंपल लेकर उनकी जांच कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने उर्वरक की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। जिला कृषि अधिकारी के नेतृत्व में बरेली में छह खाद की दुकानों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, जबकि 13 दुकानों के लाइसेंस निलंबित हैं। शेरगढ़ ब्लॉक के मानपुर क्षेत्र में उर्वरक की कालाबाजारी पकड़े जाने पर एक व्यापारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं, और शिकायत मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

### सहकारी समितियों में लक्ष्य से डेढ़ गुना स्टॉक

बरेली के एआर कोऑपरेटिव बृजेश सिंह परिहार ने बताया कि जिले में 142 बहुउद्देशीय सहकारी समितियां, 3 सहकारी संघ, 3 क्रय-विक्रय समितियां, 6 डीएस केंद्र, 1 केंद्रीय उपभोक्ता भंडार और 1 यूपीएसएस केंद्र के माध्यम से किसानों तक खाद पहुंच रही है। इन समितियों में अगस्त माह के लक्ष्य से डेढ़ गुना ज्यादा भंडारण मौजूद है। वर्तमान में सहकारी समितियों पर 13,797 मीट्रिक टन यूरिया, डीएपी और एनपीके उपलब्ध है।

### जिले में खाद का वितरण और मौजूदा भंडार

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि अब तक किसानों को 16,34,933 बोरा यूरिया, 2,01,500 बोरा डीएपी, 1,54,340 बोरा एनपीके, 30,560 बोरा पोटाश और 10,140 बोरा सुपर फास्फेट वितरित किया जा चुका है। वहीं, मौजूदा स्टॉक में 2,40,577 बोरा यूरिया, 1,29,660 बोरा डीएपी, 1,33,240 बोरा एनपीके, 18,120 बोरा पोटाश और 80,920 बोरा सुपर फास्फेट मौजूद है। जिले में यूरिया वितरण का लक्ष्य 2156000 बोरा था। इसके सापेक्ष करीब 75 प्रतिशत 16,34,933 बोरा यूरिया का वितरण हो चुका है। वर्तमान में पर्याप्त भंडार है।

## मुहम्मद सदफ ने एफएमजीई परीक्षा पास करके लहराया परचम

■ एमबीबीएस डाक्टर बनकर शीशगढ़ का नाम किया रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** एमबीबीएस डाक्टर की फहरिस्त में शीशगढ़ कस्बे में एक और युवा का नाम जुड़ गया। मुहम्मद सदफ ने फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जाम एफएमजीई की परीक्षा पास करके एमबीबीएस डाक्टर बनने का गौरव हासिल किया है। इस बड़ी उपलब्धि से सदफ के परिवार में बेहद खुशी का माहौल है। इस परीक्षा में मोहमद सदफ ने 165अंक हासिल किए हैं।

बताते चलें कि शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला बड़ी बखरी के मूल निवासी स्व. हाजी अब्दुल रशीद के



पोते डाक्टर मुहम्मद सदफ ने रूस के क्रिकिस्तान के एशियन मेडिकल इंस्टीट्यूट से एमबीबीएस का मेडिकल कॉर्स सफलतापूर्वक पूरा किया था। कोर्स पूरा करने के बाद भारत में एफएमजीई की परीक्षा पास करने के बाद ही एमबीबीएस की डिग्री मिलती है। मोहम्मद सदफ ने भारत में एफएमजी की परीक्षा पास करके अपने शीशगढ़ कस्बे व परिवार के साथ उत्तराखंड के सितारगंज का नाम भी रोशन कर दिया। मुहम्मद सदफ के पिता लईक अहमद मूल रूप से शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला बड़ी बखरी के निवासी हैं। व्यापार के सिलसिले में वह उत्तराखंड के सितारगंज के वार्ड नंबर 5 में भी रहते हैं। अपने बेटे की सफलता पर आज वह बेहद खुश हैं।

### पीजी करके स्पेशलिस्ट डाक्टर बनने का है सपना

मुहम्मद सदफ के हौसले बुलंद हैं। वह अभी से ही पीजी की तैयारी में जुट गए हैं। उनका सपना स्पेशलिस्ट डाक्टर बनने का है और वह इस सपने को साकार करके ही दम लेंगे। मुहम्मद सदफ अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता लईक अहमद, माता अक्सीर जहां एवं भाई जमशेद को देते हैं। उन्होंने मुहम्मद सदफ का हौसला बढ़ाया।

साथ ही कहते हैं कि परिवार की दुआएं उनके साथ थीं। विशेषकर उनकी बुजुर्ग दादी खातून की। दादी खातून तो अपने पोते की कामयाबी देखकर बेहद खुश हैं, क्योंकि उनका सपना साकार हो गया , क्योंकि अब उनका पोता डाक्टर बनकर गरीबों की सेवा करेगा।

## पहले युवक को पीटा, फिर फायरिंग कर फैलाई दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की राजीव कालोनी निवासी अभिषेक कुमार भारती ने बताया कि बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे बैरुजा फैक्ट्री कलोनी निवासी शुभ चौहान ने उसे फोन किया। फोन उठाते ही कहने लगा कि वह उसकी बहन से फोन पर बात करता है। जिस पर उसने फोन काट दिया। आरोप है कि उसके बाद वह करगैना बाजार से अपने घर की तरफ आ रहा था। रास्ते में मसल स्टोन जिम के टीक सामने शुभ चौहान अपने 15-20 साथियों के साथ मौजूद था। शुभ ने उसे रास्ते में रोक लिया और साइड में ले जाकर जाति सूचक गालियां देते हुए कहा कि उसकी बहन बेटियों से बात करता है।

वह कुछ समझ पाता कि शुभ चौहान अपने साथी छोटू ठाकुर, उदित ठाकुर और आदित्य ठाकुर के साथ मिलकर लात घूसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। वह वहां से भागने लगा। जिस पर छोटू ठाकुर ने उस पर पीछे से फायर किया। वह पास के जिम में ऊपर जाकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि उसके बाद सभी ने हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी दे कर मौके से फरार हो गए। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## उर्स में हाजिरी के लिए बाहर से आने वाले मेहमानों को पहले दें मौका: सज्जादानशीन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। तैयारियों के संबद्ध में आज दरगाह परिसर में आखिरी बड़ी बैठक हुई। दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत व सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें उलेमा, सभी रजाकार, लंगर कमेटियों, अंजुमन के सदस्यों के अलावा बरेली जिले समेत आपपास के जिलों से टीटीएस वालंटियर्स शामिल हुए। बैठक में सज्जादानशीन बदरूशरिया मुफ्ती अहसन मियां ने शहर व आसपास के लोगों से अपील करते हुए कहा कि उर्स में दुनिया भर से अकीदतमंद शिरकत करने साल में एक बार ही आ पाते हैं। सभी की तमन्ना रहती है कि वो अपने मोहसिन की बारगाह में हाजिर होकर फातिहा, दुआ और फूल पेश कर लें। अत्यधिक भीड़ के चलते बहुत से अकीदतमंद हाजिरी नहीं दे पाते। ऐसे में मेरी सभी शहर व आसपास के बाशिंदों से अपील है कि वो कुल शरीफ व अन्य कार्यक्रमों में तो शिरकत कर लें, लेकिन दरगाह पर हाजिरी उर्स शुरू होने से पहले या फिर उर्स के समापन के बाद दे लें। उर्स के इन तीनों दिन देश विदेश से आने वाले अकीदतमंदों को पहले मौका दे दें।

दरगाह के जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि बैठक का आगाज मुफ्ती जईम रजा ने तिलावत-ए-कुरान से किया। हाजी गुलाम सुब्हानी और आसिम नूरी ने हम्द ओ नात का नजराना पेश किया। इसके बाद बैठक में शामिल सभी लोगों से सुझाव मांगे गए ताकि पिछले सालों में जायरीन की सहूलियत के लिए कुछ कमी रह गई हो उसे वक्त रहते पूरा करा लिया जाए। मुफ्ती अय्यूब खान नूरी व मुफ्ती कलीम उर रहमान कघदरी ने कहा कि आला हजरत के मेहमान हमारे मेहमान हैं, उनसे बड़े ही मुहब्बत के साथ पेश आना है। बैठक का संचालन कर रहे हाजी जावेद खान व औरंगजेब नूरी ने सभी को आश्वस्त किया कि दरगाह स्तर से जो भी लंगर कमेटी और वालंटियर्स को दिक्कत आती है उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। मौलाना बशीर उल कादरी, शाहिद नूरी, परवेज नूरी, अजमल नूरी, ताहिर अल्वी, इशरत नूरी, नफीस खान, मंजर खान आदि ने भी राय रखी। इस मौके पर नईम नूरी, मुजाहिद रजा, साजिद नूरी, अब्दुल माजिद, सय्यद फैजान अली, आलेनबी आदि मौजूद रहे।

## जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा वृहद तिरंगा रैली का किया गया आयोजन

■ हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत डीएम ने विकास भवन परिसर से तिरंगा रैली किया शुभारम्भ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों द्वारा आयोजित वृहद तिरंगा रैली का डीएम अविनाश सिंह ने गुरुवार को विकास भवन परिसर से शुभारम्भ किया।

यह रैली विकास भवन परिसर से श्यामगंज ओवर ब्रिज होते हुए आदिनाथ चौराहा, डेलापीर, आईवीआरआई, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन, कुदेशिया फाटक ओवर ब्रिज, कोहाड़ापीर से कुतुबखाना ओवर ब्रिज होते हुए चौकी चौराहा दमोदर स्वरूप पार्क पर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर डीएम ने सभी अधिकारियों, अध्यापकों, व्यवसायिक संगठनों, स्वंयसेवी संगठनों व जनपद के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्र के प्रति सम्मान तथा लोगों में देश भक्ति की भावना जागृत करने तथा तिरंगे के महत्व को युवा पीढ़ी व जन-जन तक पहुंचाना उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ऐतिहासिक भवनों, सभी सरकारी भवनों, प्रमुख पार्कों, चौराहों को तिरंगा लाइट से सजावट किया जाए। अमृत सरोवरों पर भी ध्वजारोहण किया जाए।

तिरंगा यात्रा आयोजन के दौरान जनपद वासियों से अपील की गयी कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तीसरे चरण दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक सभी



सम्मानित जनपदवासी अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर पूरे सम्मान एवं आदर भाव के साथ भारतीय तिरंगा झंडा फहराएं और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। शासन की मंशा के अनुसार ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तत्वाधान में हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ व्यक्तिगत और भावनात्मक सम्बन्ध बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, तथा देश प्रेम एवं देश भक्ति की भावना के विकास के साथ-साथ देश को आजादी दिलाने वाले अमर बलिदानियों, क्रांतिकारियों एवं शहीदों को याद करना तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करना है। डीएम ने कहा कि तिरंगे के साथ सेल्फी, प्रभात फेरी, तिरंगा रैलियों, तिरंगा प्रदर्शनियों और अन्य जमीनी स्तर की जनभागीदारी जैसी गतिविधियों के साथ दिनांक 15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस समारोह को हर्षोल्लास एवं देश भक्ति की भावना के साथ पूरे जनपद में भव्य रूप से मनाया जाएगा।

## वृहद गौशाला में मरे कई पशु वीडियो वायरल होने पर मचा हड़कंप

■ एसडीएम सहित कई अधिकारी मौके पर दौड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** विकास क्षेत्र भदपुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मधु नगला में स्थित वृहद गौशाला में गुरुवार को गौवंशों के शवों का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने पर एसडीएम उदित पवार, खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश प्रजापति के साथ ही क्योलड़िया पशु चिकित्सा अधिकारी मधु नगला की गौशाला पहुंच गए, और उन्होंने मृतक गायों को गड्ढे खुदवाकर दफन कराया। सबसे खास बात यह है कि कल बुधवार को एसडीएम ने गौशाला पहुंचकर जांच पड़ताल की थी, तब वहां पर गंदगी देखकर उन्होंने संचालक की फटकार लगाई थी, और आज दर्जनों गायों की मौत के बाद उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए गौशाला का नियमित संचालन सही तरीके से करने के निर्देश दिए। एसडीएम को गौशाला में भारी कीचड़ होने के कारण



ज्यादातर मृतक गौवंश के शव बाहर पड़े मिले। गुरुवार को मृतक गौवंशों के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जिले में हड़कंप मच गया। गौवंशों की दुर्दशा वहां उनके नियमित देखभाल न होने के कारण हुई है। बताया जाता है कि गौशाला में कभी भी पशु चिकित्सा अधिकारी पशुओं को देखने नहीं जाते हैं, जिसके चलते बीमार पशुओं का समय से इलाज नहीं हो पाता है।

इस गौशाला में पशुओं को रखने की क्षमता 350 है, जबकि इसमें मौजूदा समय में 418 पशु रखे गए हैं। इतनी बड़ी संख्या में पशुओं के मरने से समूचे जिला और तहसील प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस वृहद गौशाला में कितने पशुओं मरे हैं, इसकी जानकारी कोई भी अधिकारी देने को तैयार नहीं है।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।


**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# राज्यमंत्री ने विधानसभा में रखा विकसित भारत का विजन सभी वर्गों के कल्याण के लिए सरकार कर रही है कार्य



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने विधानसभा मानसून सत्र में सरकार की 2047 तक विकसित भारत का विजन रखा और इसके लिए प्रदेश सरकार की विकास परक योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ आगे बढ़ रही है। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने विधानसभा सत्र में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिये गये समय के अंतर्गत विकसित भारत के संबंध में अपने विभाग की उपलब्धियों एवं विकासपरक योजनाओं की विस्तार से मा सदस्यों को जानकारी दी। स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ तक भारत को पूर्णरूप से विकसित राष्ट्र बनाने के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार का दृष्टिकोण को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का दृष्टिकोण चार स्तंभों पर आधारित है जिसमें युवा, गरीब, महिलाएं एवं अन्नदाता किसान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक जब भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा तब उत्तर प्रदेश भी विकसित प्रदेश के रूप में तैयार होगा। उन्होंने दो पंक्तियों के साथ अपने भाषण को बढ़ाते हुए कहा कि, 'अब हवाएं ही करेंगी रोशनी का फैसला। जिस दिये में जान होगी, वो दिया ही रह जाएगा'। देश–प्रदेश में गन्ना विकास की चर्चा करते हुये कहा क्षेत्र में गन्ना का क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था के विकास में गन्ने की खेती और चीनी मिलों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने बताया कि गन्ना प्रदेश के लगभग 46 लाख गन्ना किसान परिवारों के लिए आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। उन्होंने सदस्यों को बताया कि विगत पेराई सत्र 2023–2 में कुल देय का 99.90 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा चुका है। और वर्तमान पेराई सत्र 2024–25 में देय गन्ना मूल्य 34945.72 करोड़ के सापेक्ष 31614.68 करोड़ का भुगतान अब तक किया चुका है जो कुल देय का 90.46 प्रतिशत है। शेष भुगतान की प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने सामाजिक सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होनें महिल सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को भी पटल पर रखा। राज्यमंत्री संजय गंगवार ने तकनीकि उन्नति पर्यावरणीय स्थिरता, डिजिटल परिवर्तन, जल दक्षता और जलवायु लचीलापन सहित अन्य समावेशी योजनाओं के बारे विस्तार से चर्चा की।

## मकबरे पर विपक्ष के सवालों पर राज्य मंत्री ने बोला हमला

विधान सभा के 24 घण्टे चले मानसून सत्र के दौरान विधान परिषद में सदन में अपने विभाग की उपलब्धिया एवं विकसित भारत बनाने के परिपेक्ष्य में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने जहां अपने विभाग की उपलब्धियां एवं भावी योजनाये सदन के समक्ष रखी।

वहीं विपक्ष द्वारा एक मकबरें को लेकर किये जा रहे सवालों पर हमला करते हुए राज्य मंत्री संजय गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ समान रूप से कार्य कर रही है वहीं सपा सरकार में भेद भाव किया जाता रहा है।

# एसएसपी की अगुवाई में निकली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुरूवार को पुलिस विभाग ने देशभक्ति की भावना के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा पुलिस लाइन से शुरू हुई। यात्रा कालाआम और लल्ला बाबू चौराहे से होते हुए पूरे नगर में निकाली गई। पुलिसकर्मियों ने हाथों में तिरंगा थामकर झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारे लगाए। यात्रा में एसपी सिटी शंकर प्रसाद, एसपी देहात तेजवीर सिंह और एएसपी ऋजुल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं है। यह शौर्य, बलिदान और अनुशासन का प्रतीक है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश की एकता,



अखंडता और अमन–चैन का संदेश फैलाना था।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुलंदशहर।** गुरूवार की सुबह एक युवक की दिल्ली–हावड़ा ट्रैक पर अज्ञात ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गुरुवार की सुबह गांव खानपुर के नजदीक ट्रैक किनारे अचानक एक युवक चलती ट्रेन से गिर पड़ा। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और शव के शिनाख्त के प्रयास किए। युवक की जेब से बरामद मोबाइल डिस्चार्ज मिला। पुलिस ने मोबाइल को चार्जिंग पर लगाया तभी मोबाइल पर कॉल आने लगी। युवक के शव की शिनाख्त जिला फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज के गांव नंगला बधुआ निवासी 32 वर्षीय अंशुल राजपूत पुत्र अजब सिंह के रूप में की गई है। परिजनों को सूचना देकर शव को मोर्चरी भिजवाया गया। थाने के एस आई सौरभ सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई कराई जाएगी।

## ''हर घर तिरंगा- हर घर स्वच्छता'' अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा ''हर घर तिरंगा दृ हर घर स्वच्छता'' अभियान के तहत एक भव्य एवं वृहद तिरंगा वाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम के अधिकारी–कर्मचारीएवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और स्वच्छता का संदेश पूरे नगर में गूंजा दिया। रैली का शुभारंभ महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का मार्ग कृ भूतेश्वर नगर निगम कार्यालय से भूतेश्वर तिराहा डीग गेट भरतपुर गेट होली गेट पुराना बस स्टैंड टैंक चौराहा पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अभिनव जैन, अपर जिलाधिकारी अमरेंद्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा, अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह , अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोपाल बाबू गर्ग, पार्षदगण, स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य एवं भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। महापौर विनोद अग्रवाल ने कहा: ''तिरंगा हमारी राष्ट्रीय पहचान, बलिदान और एकता का प्रतीक है। आज जब पूरा नगर तिरंगे के रंगों में सराबोर है, यह हमें यह याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है अपने नगर, अपने पर्यावरण और अपने देश को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित रखना। स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों का काम नहीं, यह हर नागरिक का कर्तव्य है। जैसे हम अपने घर को साफ रखते हैं, वैसे ही अपने शहर को भी साफ रखना हमारा दायित्व है। जन्माष्टमी जैसे महापर्व पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करेंगे, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की गरिमा बनाए रखेंगे और आने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत एक स्वच्छ, सुंदर और आध्यात्मिक वातावरण में करेंगे। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा ''स्वतंत्रता दिवस का अवसर केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के लिए संकल्प लेने का दिन है। स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी हमारी आदत बननी चाहिए। हमें गर्व है कि मथुरा–वृंदावन देशभक्ति और स्वच्छता दोनों में अग्रणी है। इस रैली का संदेश जन्माष्टमी पर्व के दौरान भी नगरवासियों तक पहुँचेगा, जिससे पूरा शहर स्वच्छ और आकर्षक रहेगा। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने कहा तिरंगा वाइक रैली का उद्देश्य न केवल देशप्रेम की भावना जगाना है, बल्कि नगरवासियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना भी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के मद्देनजर हम सभी से अपील करते हैं कि प्लास्टिक का प्रयोग न करें, धार्मिक

## लूट की गाड़ी संग 3 बदमाश पकड़े

**सिकंद्राबाद।** ककोड़ पुलिस और स्वाट टीम ने तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 3 अगस्त को नोएडा से गाड़ी बुक कराई थी। जिसे ककोड़ क्षेत्र में लूटकर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की गाड़ी, घटना में इस्तेमाल गाड़ी, तमंचा–कारतूस, चाकू आदि सामान बरामद किया है। पुलिस ने पूछताछ कर तीनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है। गुरुवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि बीती रात ककोड़ पुलिस और स्वाट टीम ने चेकिंग के दौरान दस्तूरा चौकी के सामने से तीन शातिर बदमाशों को दबोच लिया। आरोपियों के पास से एक गाड़ी, तमंचा–कारतूस, दो चाकू और 1120 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गांव चचूरा के पास स्थित ईट के भट्टे से एक अन्य गाड़ी बरामद की। इस गाड़ी को आरोपियों द्वारा 3 अगस्त को नोएडा से अलीगढ़ के लिए बुक किया था। ककोड़ क्षेत्र में पेशाब करने के बहाने गाड़ी को रूकवाकर चालक को नीचे उतारकर लूट लिया गया था। पुलिसया पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम पंकज रावल पुत्र नरेंद्र रावल निवासी गांव घोड़ी बछेड़ा थाना दादरी गौतमबुद्धनगर जितेंद्र सिंह पुत्र रामनरेश निवासी गांव मिदिया थाना किसनी मैनपुरी तथा मनीष पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी गांव खेड़ा थाना अतरौली अलीगढ़ निवासी बताए हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ दो–दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी सिटी ने बताया कि पूछताछ कर तीनों आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# बारिश से मौसम हुआ सुहाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** गुरूवार की सुबह से हो रही बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी है। पिछले कुछ दिनों से लोग भीषण गर्मी और उमस से परेशान थे। छोटी–मोटी बारिश के बाद निकलती धूप से जमीन से भाप उठती और वातावरण में नमी बढ़ जाती थी। लोगों को घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही थी। पसीने से तन–बदन भीग जाता था। सांस लेने में तकलीफ होती थी। शरीर में सुस्ती और बेचौनी बनी रहती थी। आज सुबह से शुरू हुई बूंदाबांदी ने मौसम को सुहाना बना दिया है। हवा में ठंडक आ गई है। गर्मी का असर कम हुआ है। बच्चे बारिश में खुशी से झूम रहे हैं। बुजुर्गों के चेहरे पर राहत की मुस्कान है। यह बारिश किसानों के लिए भी फायदेमंद है। गर्मी से प्रभावित फसलों और पशुओं को राहत मिली है। हालांकि इस मौसम में बीमारियों का खतरा रहता है। फिर भी लोग प्रकृति की इस सौगात का आनंद ले रहे हैं।

# संस्कृति में निकाली गई तिरंगा रैली




**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में सरकार के राष्ट्रीय अभियान "हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत संस्कृति अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के सुअवसर पर एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान विश्वविद्यालय देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। सैकड़ों विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा थामकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। रैली के आगे राष्ट्रीय धुन बजाता बैंड चल रहा था।

तिरंगा रैली का नेतृत्व विश्वविद्यालय की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा, कुलपति, डॉ. एम.बी. चेट्टी, कैप्स के निदेशक डॉ. राजनीश त्यागी, छात्र कल्याण विभाग के डीन डॉ. डी.एस. तोमर, छात्र परिषद अध्यक्ष यश श्रीवास्तव, तथा छात्र परिषद के प्रतिनिधि रसिक शरण दुबे और नितेश चौधरी ने किया। इस मौके पर विवि की सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, यह हमारे देश की पहचान, हमारे संविधान और हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक है। इसे ऊँचा रखना हमारा कर्तव्य और हमारा सम्मान है। कुलपति प्रो. एम. बी. चेट्टी ने कहा कि तिरंगा हम सबको जोड़ने वाली डोर है। यह हमें बताता है कि विविधता में ही हमारी असली ताकत है। कैप्स के निदेशक डॉ. राजनीश त्यागी ने कहा कि हमारा तिरंगा हमें एकता, साहस और बलिदान का पाठ पढ़ाता है। हमें इसे गर्व के साथ हमेशा लहराना चाहिए। डीएसडब्लू डॉ. डी.एस. तोमर ने बताया कि संस्कृति विवि में हर घर तिरंगा अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इसके अतंर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता ने तिरंगा यात्रा के आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं संप्रेषित की। कार्यक्रम का समन्वय संस्कृति नर्सिंग स्कूल के प्राचार्य डा. के के पाराशर कर रहे थे। रैली विभिन्न मार्गों से होती हुई विश्वविद्यालय परिसर पहुंची जहां "भारत माता की जय", "वंदे मातरम्" और "तिरंगा ऊँचा रहे हमारा" जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

# तिरंगा यात्रा में गूंजे भक्तिगीत



**गोवर्धन।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत घर–घर तिरंगा अभियान में एसडीएम प्रजाक्ता त्रिपाठी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। वृहस्पतिवार को एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और स्वयं भी यात्रा में शामिल रहीं। यात्रा में भारत माता के जयकारे उत्साहित करते रहे। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की। यात्रा तहसील कार्यालय से शुरू होकर जमानवता चौराहा, ब्लाक कार्यालय, बस स्टैंड, राधाकुंड होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। एसडीएम ने कहाकि तिरंगा हमारे देश की पहचान है। प्रत्येक नागरिक को देश हित में कार्य करना चाहिए। यात्रा का उत्साह वर्धन करने के लिए वे स्वयं स्कूटी चलाकर यात्रा का हिस्सा बनीं। इस अवसर पर तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सीपी सिंह, मीनू राजपूत, व्यापार मंडल अध्यक्ष गणेश पहलवान, श्याम बिहारी तरकर, साधुराम, बलवीर सिंह, पवन कुमार, रामनिवास, रामबाबू सैनी, राजवीर सिंह, कन्हैया कुमार, गोपाल सिंह, नरेश कुमार, विष्णु सैनी सहित समस्त एडवोकेट व तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

# राजीव भवन से ब्लाक मुख्यालय तक निकली तिरंगा बाइक रैली



**मथुरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर जनपद के ग्रमीण क्षेत्रों में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज राजीव भवन से तिरंगा बाइक रैली शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें प्रत्येक ब्लाक मुख्यालयों से आए पंचयत विभाग के135 बाइक सवार सफाई कर्मियों ने भाग लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य के संकल्प को सुदृढ़ करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, निरन्तर व बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित किया जा रहा है। 15 अगस्त को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम–जी) के अंतर्गत, सामुदायिक सफाई अभियान, स्वचछता सम्बन्धित निर्मित परिसंपत्तियों की सफाई, स्वच्छ सुजल गाँव के संकल्प, जन जागरूकता सम्बन्धित गतिविधियाँ, जल संरक्षण, तथा अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख स्वच्छता सम्बन्धी निर्मित स्थलों पर ध्वजारोहण समारोहों का आयोजन किया जाएगा। डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने बताया कि गत दिवस तिरंगे झंडें के साथ समस्त 495 ग्राम प्रधानगणों की मोटरसाईकिल रैली जनपद के समस्त विकास खण्डों में आयोजित की गई। आज जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत से सफाई कर्मी तिरंगा लेकर कलस्टर की मुख्यालय ग्राम पंचायत एकत्रित हुए। 137 क्लस्टर मुख्यालय से कुल 137 बाइक से ग्राम पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा तिरंगें झण्डें के साथ मोटरसाईकिल रैली ग्राम विकास खण्ड मुख्यालय तक पहुंचे। उसके बाद विकास खण्ड से राजीव भवन पर उपस्थित हुए।

# गालियां देने से मना करना पड़ा दंपति को भारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव गिनौरा शेख में दबंगों ने गालियां देने से मना करने पर एक दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित दंपति को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर हत्या कर देने की धमकी दी गई। देहात पुलिस ने एक व्यक्ति और उसके तीन पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली देहात में गांव गिनौरा शेख निवासी तेजवीर पुत्र मोहन सिंह ने तहरीर देकर बताया कि एक अगस्त की रात को गांव के ही आरोपी टीके उर्फ लाला और उसके पुत्र प्रवेश, निंदरसेन एवं हैपी ने उसके साथ मारपीट करते हुए गालियां दीं। जब पीड़ित तेजवीर और उसकी पत्नी सुनीता ने गालियां देने और मारपीट करने का विरोध किया तो उनके साथ लाठी–डंडों से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया गया। शोर मचाने पर ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपियों ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर हत्या कर देने की धमकी दी और वहां से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों से जान का खतरा जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। देहात पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कार की टक्कर से महिला घायल

**गुलावठी।** गुरूवार को नगर के शहीद स्मारक पर कार की टक्कर से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के भाई ने थाने में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बराल निवासी सुनील कुमार पुत्र टीकाराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसकी बहन सुमन पत्नी अनिल, जोकि मेरठ के पास मेहमदपुर की निवासी है। वह उसके घर बराल आयी थी। वापिस लौटते समय शहीद स्मारक पर मेरठ के लिये बस में बैठ ही रही थी। इस दौरान एक कार चालक ने उसकी बहन को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581–2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल–9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# धूमधाम से मनाया गया मोहम्मद आजम खां का जन्मदिन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** गुरुवार को सपा के वरिष्ठ नेता आसिम खघन ने अपने कैम्प कार्यालय घेर सैफुद्दीन खां पर केक काट कर चांसलर मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी सपा के राष्ट्रीय महामंत्री आली जनाब मोहम्मद आजम खघन साहब का यौम ए पैदाइश मनाया। इस मौके पर उन्होंने कहा आईये हम सब मिल कर उस अजीम शख्सियत की लंबी उम्र की दुआ करें।



उन्होंने कहा अजीज साथियों लीडर बहुत हुए और होते रहेंगें मगर आली जनाब मोहम्मद आजम खान साहब जैसी अजीमुश्शान शख्सियत की मिसाल पूरे मुल्क में कही नही मिलती आप जैसी हस्ती सदियों में जन्म लेती है, बेशक आज वो दुश्मनो के घेरे में हैं मौजूदा सरकार और फाशिष्ट ताकतों की साजिशों ने उनके कांधे पर सेकड़ो फर्जी मुकदमात लाद कर उन्हें जेल की चार दीवारी में कैद तो कर दिया। मगर वो ये नही जानते शायद की आजम खान साहब तो खुद संघर्ष की कोख से जन्म लेने वाली शख्सियत का नाम है।

वो तो खुद में एक तहरीक और जीता जागता आंदोलन हैं उन्होंने जेल के 10ग्10 के उस कमरे में जहाँ हवा और सूरज की किरणें भी नही पहुँचती उस मे रहना मंजूर किया मगर जालिम हुकूमत के आगे झुकना गवारह नही किया।

4 साल से जेल में रहकर सख्त तकलीफे अजीयतें बर्दाश्त करते हुए आज भी हालत से लड़ने वाले लोह पुरुष को अल्लाह रब्बुल इज्जत ता देर सलामत रखे मजीद हौसला अता फरमाये सच और झूठ की इस जंग में सच को फतेहयाब करे। एक बार फिर यौम ए पैदाइश की बहुत बहुत मुबा. रकबाद इस अवसर पर शैजी खां एडवोकेट, दानिश आबेदीन एडवोकेट, हसीन अहमद एडवोकेट, फरहान खां, अर्शी खां, फैजान खां, साजिद खां, सलमान खां, आदि मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडल जीत कर रामपुर का नाम रोशन किया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिले का नाम रोशन किया खेलो इंडिया के खिलाड़ी निगम कुमार लोधी ने सी बी एस सी क्लस्टर में पहली बार गोल्ड मेडल लेकर आये रामपुर के खेलो इंडिया के खिलाड़ी निगम कुमार लोधी 200 मीटर एवेंट में यह प्रतियोगिता मदर टेरेसा अकादमी जिला बागपत बड़ौत में 11अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित हो रही है।

खेलो इंडिया के कोच मोहमद फईम द्वारा खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत कर तैयार कराया जा रहा है, उनकी कड़ी मेहनत से खिलाड़ी ने सी बी एस सी क्लस्टर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीता है। जिला कीड़ा अधिकारी ने खिलाड़ी निगम कुमार की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### जन्माष्टमी को लेकर लगाई गई ड्यूटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जनपद में शांति, सुरक्षा व स्वच्छता के विशेष प्रबंध किए गए हैं। नगर क्षेत्र को तीन सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि थाना गंज क्षेत्र में उप जिलाधिकारी सदर कुमार गौरव, थाना कोतवाली क्षेत्र में डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह और थाना सिविल लाइन क्षेत्र में तहसीलदार सदर श्री कृष्ण कुमार चौरसिया की मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सेक्टर में क्षेत्राधिकारी स्तर के पुलिस अधिकारी, पर्याप्त पुलिस बल व महिला सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।

उन्होंने विद्युत विभाग को लटकते/टूटे तार सुधारने व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जबकि नगर पालिका/नगर पंचायत व पंचायत राज विभाग को सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में विशेष सतर्कता रखेंगे, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मना सकें।

### रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के इच्छुक 25 अगस्त तक करें आवेदन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद रामपुर में चयनित शहरी/ग्रामीण अंचल में 36 राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कालेजों में अध्ययनरत् बालिकाओं को 03 माह (सितम्बर, अक्टूबर और नवम्बर, 2025) तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए मानदेय के रूप में प्रतिमाह 15,000 रुपये की धनराशि दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त चयनित प्रशिक्षक को 01 दिन में 40 मिनट प्रति वादन के अनुसार आवंटित 03 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षण देना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षक के लिए मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट होना अनिवार्य है और चयन प्रकिया में महिला आवेदक को वरीयता दी जायेगी। आवंटित विद्यालय में आवागमन हेतु कोई अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय में 25 अगस्त, 2025 तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्र कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक से प्राप्त कर सकते हैं।

### बड़े भाइयों ने छोटे भाई के साथ की मारपीट, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

**पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत**

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** पैसे के लेन देन को लेकर बड़े भाईयो ने छोटे भाई के साथ मारपीट की जब वह जान बचाकर भागा तब उसके भाईयो ने उसे गाँव मे दोड़ा लिया पीड़ित ने इसकी शिकायत चौकी पुलिस से की तो पुलिस ने परिवारिक मामला बता कर रफा दफा कर दिया इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की है।

मुस्तफा पुत्र मुस्तकीम ने पुलिस अधीक्षक को भेजे शिकायती पत्र मे कहा है कि उसके बड़े भाई मुजीब, व निजामुद्दीन ने कुछ समय पहले उससे नब्बे हजार रूपए उधार लिये थे जब वह इन लोगो से अपने पैसे वापस देने के लिए कहता है तब यह दोनो भाई उसके मारपीट करते है आठ रोज पहले जब इन लोगो से मुस्तफा ने अपने पैसे मांगे तब इन लोगो ने उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया इसकी शिकायत उसने चौकी पुलिस से की लेकिन इन लोगो ने पुलिस से साठगांठ कर मामला रफा दफा करा दिया आठ रोज से वह किसी अपने मिलने वाले के घर पर रेह रहा है दो रोज पहले जब वह अपने काम का सामान घर लेने गया तब मुस्तफा के दोनो भाई मुजीब, व निजामुददीन ने घर मे घेर कर उसके साथ मारपीट शुरू करदी जान बचाकर जब वह घर से भागा तब उसके दोनो भाईयो ने लाठी डंडे लेकर उसे गांव मे दोड़ा लिया बड़ी मुश्किल से वह गांव से अपनी जान बचा कर भागा।

इसकी शिकायत उसने आकर चौकी पुलिस को तहरीर देकर की लेकिन पुलिस ने फिर वही परिवारिक मामला बता कर मामले को रफा दफा कर दिया इसकी शिकायत मुस्तफा ने पुलिन अधीक्षक से कर अपने दोनो भाई मुजीब, व निजामुद्दीन पुत्र मुस्तकीम के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

### घर के दरवाजे पर खड़े व्यक्ति से मोहल्ले के एक युवक ने की मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**टाण्डा( रामपुर )।** नगर के मोहल्ला नवाबपुरा निवासी भूदेव सिंह पुत्र खेमचन्द सैनी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह 11 बजे अपने घर के दरवा. जे पर खड़ा था तभी मोहल्ले का रहने वाला व्यक्ति प्रेमशंकर पुत्र दलपत सिंह गन्दी गन्दी गालिया देने लगा,जब गालियों का विरोध किया तो उक्त व्यक्ति भूदेव के साथ मारपीट करने लगा तथा हाथ का कड़ा निकालकर उसके सिर में मारा, जिससे उसका सिर फट गया।

आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने भूदेव के सिर पर डन्डा मारना चाहा तो उक्त डन्डा उसके हाथ पर लग गया जिससे भूदेव के हाथ की हड्डी टूट गयी। पीड़ित के सिर में 6 टांके आये हैं तथा हाथ में फ्रैक्चर हो गया है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चेहल्लुम के पर्व पर नगर के विभिन्न मार्गों पर निकाले ताजिये

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सैफनी/रामपुर।** नगर में गुरुवार को चेहल्लुम के पर्व पर नगर में तजिए निकाले गए। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मार्गों पर ताजिया निकाले गए और अजादार ष्या हुसैन या हुसैनष के नारे लगाते हुए छितौनी मार्ग, कोठी मोहल्ला, डेरा मोहल्ला और बड़ी मस्जिद से होते हुए कर्बला पर पहुंचे। यह पर्व इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है और इस दौरान लोग अपने श्रद्धा और भावना का प्रदर्शन करते हैं।

जो कर्बला की लड़ाई में शहीद हुए थे इस अवसर पर तजिए निकाले जाते हैं, जो इमाम हुसैन के मकबरे की प्रतिकृति होते हैं।अजादार ष्या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए तजिए को कर्बला पर ले जाते हैं और इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं।



चेहल्लुम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ताजियों के साथ तैनात रहा ताकि जुलूस सुचारु रूप से निकाला जा सके।जुलूस के मार्ग को पहले से ही निर्धारित किया जाता है ताकि जुलूस सुचारु रूप से निकाला जा सके।चेहल्लुम के दौरान लोग इमाम हुसैन की याद में सबील फल केले सेब लड्डू जलेवी आदि बांटते हैं। ताजियों में हुरे एवं खूबसूरत आकृतियां बनाई जाती है लोग ढोल बजाने हैं आखिर में कर्बला पर जाकर फातिया पड़ते हैं और तजिए कर्बला में दफन किए जाते हैं।। इस दौरान कासिम पहलवान फैजान खान हारून खलीफा शमीम मुंशी नजाकत डॉ आदि रहे।

# किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** प्रदेश में किसानों के लिए सरकार की ओर से कई लाभकारी योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं का लाभ सभी पात्र किसानों तक पहुंचे, इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा रही है।

फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जा रही है, ताकि किसानों को पारदर्शी तरीके से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके।

उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 307015 के सापेक्ष 172083 किसानों द्वारा अर्थात 56.05 प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि तहसील सदर में 34198, तहसील शाहाबाद में 33232, तहसील बिलासपुर में 18618, तहसील मिलक में 38519, तहसील स्वार में 26865 और तहसील टांडा में 20651 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि किसान फार्मर रजिस्ट्री की वेबसाइट ीजजचे://नचति.हतपेजंबा.हवअ.पद पर या फार्मर रजिस्ट्री यूपी ऐप पर जाकर स्वयं भी फार्मर रजिस्ट्री कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान जन सुविधा केंद्रों, कृषि व राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करा सकते हैं।


उप कृषि निदेशक ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में मुख्यत: किसान की भूमि का विवरण संकलित किया जायेगा तथा आधार सहमति से उनको सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित प्राप्त होगा और अभिलेखों को बार-बार उपलब्ध कराने से मुक्ति मिलेगी।

उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि अपने पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, लेखपाल, कृषि तकनीकी सहायक या नजदीकी सेवा केंद्र से संपर्क कर तत्काल प्राथमिकता से अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार करायें, ताकि किसानों को सभी योजनाओं का लाभ सुलभ रूप से प्राप्त हो सके।

# नवेद मियां ने किया सोना बहादुर की पुस्तक 'एन इनविटेशन टू फीस्ट' का विमोचन

**पुस्तक में रामपुर के व्यंजनों पर भी चैप्टर, लेखिका के पिता नरेंद्र कुमार रामपुर और मुरादाबाद में रहे हैं डीएम**







शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बीबीसी गुड फूड इंडिया की पूर्व संपादक सोना बहादुर की पुस्तक 'एन इनविटेशन टू फीस्ट: अ डीप डाइव इनटू इंडियाज कलिनरी ट्रेजर्स' का विमोचन पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां द्वारा किया गया। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित विमा. ेचन कार्यक्रम वो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां ने बताया कि 'एन इनविटेशन टू फीस्ट'पुस्तक की लेखिका सोना बहादुर के पिता नरेंद्र कुमार सभरवाल 1973ख्र1974 में रामपुर और 1974ख्र1976 में मुरादाबाद जिला मजिस्ट्रेट रहे हैं। उनकी मां श्रीमती नीलम सभरवाल यूनेस्को और नीदरलैंड में भारत की राजदूत रही हैं।

उन्होंने बताया कि सोना बहादुर ने छह सालों तक भारत के खानपान के परिदृश्य के सार को समझने के लिए घरेलू रसोइयों, प्रसिद्ध शेफ, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, रेस्टोरेंट मालिकों, ब्लॉगर्स, किसानों और उत्पादकों से बातचीत कर यह पुस्तक लिखी है, जिसमें रामपुर के व्यंजनों पर भी चौप्टर है। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए नवेद मियां ने खाद्य पत्रकारिता में सोना बहादुर के योगदान को सराहनीय बताया।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मशहूर शेफ मनीष मेहरोत्रा, पैनलिस्ट अनुभव सपरा, होइन्हु हौजेल और सदफ हुसैन समेत देशख्रविदेश की कई महत्वपूर्ण लोग मौजूद रहे।

# जिले में उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध

- **अब तक कुल 55531 मी. टन यूरिया का किया जा चुका है वितरण**
- **उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें किसान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया उर्वरक कुल 4676 मीट्रिक टन, डीएपी उर्वरक 2647 मीट्रिक टन एवं एनपीके 3712 मीट्रिक टन उपलब्ध है। गत वर्ष हुए 49215 मी. टन वितरण के सापेक्ष इस वर्ष अबतक कुल 55531 मी. टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है।

इसके अतिरिक्त जनपद को निजी क्षेत्र में यूरिया उर्वरक कुल 1228 मी. टन की एक रैक और प्राप्त हो जाएगी, जिसका वितरण सहकारिता एवं निजी क्षेत्र में 50-50 प्रतिशत के आधार पर किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जनपद में किसी भी स्तर पर उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि उर्वरक का क्रय अपनी फसल एवं जोतबही के अनुसार ही करें। इसके अतिरिक्त यदि विक्रेता/सहकारी समिति द्वारा उर्वरको की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है या उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन दिया जाता है तो कृषक इसकी शिकायत कृषि विभाग के कण्ट्रोल रूम नम्बर 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी।

# भारतीय लोकतंत्र के चमन को उजाड़ा ना जाए: मोहिबुल्लाह नदवी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** लोकतंत्र मुसलमानों को बराबरी का संवैधानिक वादा देता है। यह वादा उन्हें यह यकीन दिलाता है कि वे इस देश के समान अधिकार वाले नागरिक हैं। उनका धर्म, उनकी इबादतें, उनकी मस्जिदें और उनके मदरसे कानूनी तहफ्फुज के दायरे में आते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक स्वायत्तता, इस प्रणाली के वे तोहफे हैं जो किसी और राजनीतिक विकल्प में मुमकिन नहीं होते।

भारत की सरजमीन अपनी विविधता और भाविशालता का एक ऐसे बाग की तरह है, जिसमें अलग-अलग फूल अपनी-अपनी खुशबू के साथ महकते हैं। इस बाग की फिजा को खुशनुमा बनाए रखने वाला सबसे बड़ा तत्व लोकतांत्रिक प्रणाली है। यह वही रौशनी है जो देश के हर कोने में, हर तबके के दिलों में उम्मीद की शमा जलाती है और मुसलमानों के लिए यह प्रणाली एक छायादार दरख्त की मानिंद है। जिसकी छांव में वे अपनी इवादत, अपनी जवान, अपनी तहजीब और अपनी नस्लों की परवरिश सुकून और तहफ्फुज के साथ कर सकते हैं।

यह लोकतंत्र ही का फैज है कि एक सदी से अधिक समय से, मुसलमान अपनी जनसंख्या की अल्पता और राजनीतिक कमजोरी के बावजूद अपने अस्तित्व और पहचान के साथ इस देश में कायम हैं। वे अपने मजहवी त्योहार मनाते हैं, अजान की सदाएं बुलंद करते हैं, मदरसे और मक्रातिव चलाते हैं, उर्दू कितावें पढ़ते और लिखते हैं, और अपनी जीवनशैली को बरकरार रखते हैं। यह सव किसी तानाशाही या निरंकुश शासन में महज एक ख्वाव होता-जहाँ हुक्मरान की मती ही कघनून बन जाती है और कमजोर की फरियाद किसी दीवार से टकराकर लौट आती है।

लोकतंत्र मुसलमानों को बराबरी का संवैधानिक वादा देता है। यह वादा उन्हें यह यकघीन दिलाता है कि वे इस देश के समान अधिकार वाले नागरिक हैं। उनका धर्म, उनकी इबादतें, उनकी मस्जिदें और उनके मदरसे कानूनी तहफ्फुज के दायरे में आते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी, धार्मिक स्वतंत्रता और सांस्कृतिक स्वायत्तत, इस प्रणाली के वे तोहफे हैं जो किसी और राजनीतिक विकल्प में मुमकिन नहीं होते। वे चाहें तो अपनी भाषा में शिक्षा दें, अपने रिवाजों के मुतविक शादी-ब्याह करें, और अपने तहजीवी प्रतीकों के साथ जिन्दगी गुजारें और यह सब कुछ संविधान की गारंटी में मुमकिन है।

यही लोकतंत्र है जो हर नागरिक को वोट देने का अधिकार देता है। यह वोट सिर्फ कागज पर निशान लगाने का अमल नहीं, बल्कि एक कमजोर इंसान के हाथ में ताकघ्त का औजार है। इसी के जरिए वह सत्ता के गलियारों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराता है, अपने मसले कघनून बनाने वाले संस्थानों तक पहुंचाता है, और अपने नुमाइंदे चुनता है। मुसलमानों के लिए यह हक इस वजह से और भी कीमती है क्योंकि उनकी आवाज, उनकी सोच और उनके मसले, इसी रास्ते से देश की सामूहिक बातचीत का हिस्सा बनते हैं।

इसके साथ-साथ लोकतंत्र एक और नेमत अता करता है इंसाफ के दरवाजे बंद नहीं करता। अदालतें, अपनी तमाम कमजोरियों और सुस्ती के बावजूद, उम्मीद का एक चिराग हैं। अगर जुल्म हो, नाइंसाफी हो या हकघ मारा जाए, तो कघनून की राह मौजूद है। यह एहसास कि कहीं न कहीं सच की आवाज सुनी जाएगी, जुल्म के अंधेरों में भी एक रौशनी देता है।



लेकिन यह सब तभी मुमकिन है जब लोकतंत्र अपनी असली रूह और बुनियादी स्तंभों पर कायम रहे। अगर ये स्तंभ हिलने लगें, इसके उसूल कुचले जाने लगें, और सत्ता की बागडोर चंद ताकतवर तबकों तक सीमित हो जाए - तो सबसे पहले नुकसान उन्हीं तबकों और कघैमों को होगा जो पहले से ही आर्थिक और राजनीतिक लिहाज से कमजोर हैं। भारत में मुसलमान इस वकघ्त सबसे ज्यादा प्रभावित होने वालों में होंगे, क्योंकि उनकी बक्ता का सबसे मजबूत सहारा यही लोकतांत्रिक ढांचा है। अगर लोकतंत्र कमजोर पड़ गया तो सबसे पहले मुसलमानोंकी धार्मिक स्वतंत्रता निशाने पर आएगी। मस्जिदों और मदरसों के अधिकार सीमित किए जा सकते हैं, धार्मिक त्योहारों और परंपराओं पर तरह-तरह की पाबंदियाँ लग सकती हैं। भाषा और संस्कृति के संरक्षण की गारंटी धुंधली हो जाएगी, और चुनावी राजनीति में उनकी आवाज को दवाया जा सकता है, क्योंकि सत्ता और अधिकार का केन्द्र कुछ चंद हाथों में सिमट जाएगा। अदालतों से इंसाफ हासिल करना और भी मुश्किल हो जाएगा, और कमजोर के हकघ में फैसला लेना एक ख्वाब बन जाएगा।

यही वजह है कि लोकतंत्र का वकघ और इसके बुनियादी स्तंभों की हिफाजत, सिर्फ एक सियासी जरूरत नहीं बल्कि भारत के मुसलमानों के लिए जिंदगी और मौत का सवाल है। स्वतंत्र न्यायपालिका, निष्पक्ष मीडिया और पारदर्शी चुनाव प्रणाली- ये तीन स्तंभ है जिन पर यह इमारत खड़ी है। अगर न्यायपालिका कमजोर हो जाए तो जुल्म को कानूनी इजाजत मिल जाती है। अगर मीडिया सत्ता के इशारों पर चलने लगे तो आवाम को हकघीकत की जगह सिर्फ प्रोपेगेंडा : ही सुनने को मिलता है अगर चुनाव प्रकिया पर शक पैदा हो जाए तो लो. कतंत्र एक तमाशा बनकर रह जाता है, जिसमें जनता के वोट का कोई वजन नहीं रह जाता।

मुसलमानों के लिए इन स्तंभों की मजबूते इसलिए भी जरूरी है कि यही उनके मजहवी, तहजीधी और सियासी तहारकुत के जामिन है। स्वतंत्र न्यायपालिका उन्हें यह यकीन देती है कि अगर उनके हक छिने जाएं तो कहीं न कहीं इंसाफ की उम्मीद वाकी है। निष्पक्ष मीडिया उनकी आवाज को आम बहस में शामिल करता है, उनके मसलों को राष्ट्रीय एजेंडे में जगह देता है। और पारदर्शी चुनाव प्रणाली उन्हें यह मौका देती है कि ये अपने नुमाईदे चुन सकें, जो उनकी बात कानून बनाने वाले मंचों तक पहुंचाएं।

यह सच है कि लोकतंत्र के तहाकूज के बगैर भारत में मुसलमानों की हालात एक ऐसे किश्ती की तरह होगी, जिसका पाल टूट चुका हो और जो तूफान के रहम-ओ-करम पर हो। अगर यह निजाम सलामत रहा तो वे अपने ईमान, अपनी तहजीब और अपनी नस्लों के साथ इजजत और सुकून से जिंदगी बसर करेंगे और अगर यह ढांचा बिखर गया, तो इन सबका एक बड़ा सवाल वन जाएगा। भारत जैसे विशाल और विविधता से भरे देश में लोकतंत्र की बका इस बात पर निर्भर करती हैकि इसके बुनियादी उसूलों पर किसी भी कीमत पर समझौता न किया जाए। जनता को जागरूक रहना होगा न्यायपालिका को अपनी निष्पक्षता पर कायम रहना होगा, मीडिया को सच्चाई का प्रति. निधि बनना होगा, और चुनावी प्रक्रिया को हर प्रकार के दवाव से आजाद रखना होगा।

यही वह रास्ता है जो इस देश की एकता और अखंडता को सुरक्षित रख सकता है, और पहचान और आजादी के साथ जीने का मौका मुसलमानों को इस सरजमीन पर अपनी दे सकता है। लोकतंत्रका चिराग अगर रौशन रहे, तो यह सिर्फ सियासी रौशनी नहीं बल्कि तहजीवी और रूहानी रौशनी भी है, जो हर दिल को मुतारिफ करती है। इसके मुहाने का मतलब सिर्फ एक निजाम का खात्मा नहीं, वल्कि एक दौर का अंत, एक उम्मीद का टूटना, और एक रोशनी का बुझ जाना है। मुसलमानों के लिए इस रौशनी को बुझने न देना एक दीन, एक कॉम और एक इंसानी जिम्मेदारी है।

क्योंकि इसके बुझने के बाद अंधेरा सिर्फ उनके घरों में नहीं बल्कि पूरे मुल्क में फैल जाएगा। लोकतंत्र की हिफाजतु इसके स्तंभों को मजबूत बनाए बनाए रखना और इसके उसूलों पर अमल को यकीनी बनाना यह एक ऐसा फर्ज है, जिस पर उनके ईमान, उनकी जवान, उनकी तहजीब और उनकी आने वाली नस्ली की आजादी का इनहिसार है। यही शऊर और यही बारी, आने वाले जमाने में उनके लिए सबसे बड़ा सरमाया और सबसे बड़ी ढाल सावित होगी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने मावा, दूध व बूंदी के चार नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर स्वतन्त्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व के दृष्टिगत सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।



विशेष छापामार अभियान में सैफनी स्थित रामौतार दूध डेयरी के अशोक पुत्र रामौतार से मावा और दूध का 01-01 नमूना, मुस्कान डेयरी के आरिफ पुत्र मुबारक हुसैन से दूध का 01 नमूना लिया गया और शाहबाद, बडागांव स्थित मनोज पुत्र महेन्द्र की मिठाई की दुकान से बूंदी दाना का 01 नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थो के कुल 04 विधिक नमूनें संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये।

जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे। सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण अशोक कुमार, धर्मपाल सिंह, अजरा बी मोहम्मद उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति के संबंध में की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा सूर्य प्रकाश ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत निजी आवासों पर 01 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन पर सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का प्रावधान है, जिस पर अधिकतक 1,08,000.00 (एक लाख आठ हजार रू०) तक की सब्सिडी केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दि जाती है। जो भी लाभार्थी इस योजना का लाभ लेना चाहता है वह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल चउेनतलंहींत.हवअ.पद पर नि:शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी के पास अपना आधार कार्ड, बिजली का बिल, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नं० होना चाहिए। जनपद रामपुर में अबतक 1829 संयंत्रों की स्थापना करायी जा चुकी है और 1455 लाभार्थियों/उपभोक्ताओं को सरकार की तरफ से सब्सिडी भी प्राप्त हो चुकी है।

मुख्य विकास अधिकारी ने परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को निर्देशित किया कि समस्त वेण्डर से उनके बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों की सूची तथा ऐसे आवेदकों की सूची, जिन्होंने वेण्डर को चयनित कर लिया है को प्राप्त करते हुये तत्काल प्रस्तुत करें।

उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंक प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु जिला अग्रणी प्रबन्धक को निर्देशित किया।

सीडीओ ने समस्त वेण्डर्स को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक स्थानों, विभिन्न तहसीलों, ब्लाकों एवं सरकारी कार्यालयों में केनोपी / कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जो वेण्डर्स बैठक में उपस्थित नहीं हुये हैं, उनके खिलाफ नोटिस जारी किया जाये।

# महज 80 हजार के लिए दोस्तों ने उज्जवल को उतारा था मौत के घाट

## उज्ज्वल का एक हत्यारा दोस्त हुआ पुलिस की गोली का शिकार

- 24 घंटे में पुलिस ने किया घटना का खुलासा
- हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे 80 हजार, दो गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** कस्बा हस्तिनापुर में बुधवार को हुई उज्जवल की हत्या उसी के दोस्तों ने महज 80 हजार रुपए के लिए कर डाली। ये रुपए हत्यारोपियों ने मृतक की मां से उधार लिए थे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़ित परिवार और पुलिस को गुमराह कर छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए मुठभेड़ में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें से एक आरोपी पुलिस की गोली का शिकार हुआ है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है।

### दोस्त ही निकले हत्यारे

बुधवार की शाम 20 वर्षीय उज्जवल पुत्र सुभाष शर्मा निवासी कस्बा हस्तिनापुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दरअसल, मृतक उज्जवल व मनोहरपुर कॉलोनी निवासी सौरव पुत्र ऋषिपाल व जोगेंद्र उर्फ लाखन निवासी सैफपुर कर्मचंदपुर के बीच गहरी दोस्ती थी। सौरव ने उज्जवल की मां से 80 हजार रुपए ले रखे थे। जिसके चलते उज्जवल का दोनों से विवाद चल रहा था। घटना वाले दिन सौरव ने फोन कर उज्जवल को मिलने के लिए जोगेंद्र के घेर में सैफपुर कर्मचंदपुर गांव में बुलाया। पैसों को लेकर फिर विवाद हुआ और दोनों आरोपियों ने मिलकर उज्जवल को तमंचे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया।

### बाइक पर लाश लेकर आए और फेंक दी

घटना के बाद दोनों आरोपी उज्जवल की लाश उसी की बाइक पर बीच में लेकर बैठने की अवस्था में लेकर गांव से आए और कस्बे में प्रवेश करने से पहले मौका देखकर सड़क किनारे डाल दी। उसके बाद सौरव ने खुद ही परिजनों को उसके घायल होने की सूचना दी। उसके बाद फिर से लाश उठाकर सीएचसी में ले गए। उज्जवल को गोली लगने की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और उक्त दोनों से पूरी जानकारी ली।

### गुमराह कर निर्दोषों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

हत्यारोपियों ने उज्जवल के परिजनों और पुलिस दोनों को गुमराह किया और परिजनों की ओर से छह निर्दोष लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। तहरीर दिलाने के बाद दोनों थाने से खिसककर फरार हो गए।

### पुलिस की सूझबूझ से हुआ सही खुलासा

सैफपुर मार्ग पर पहले जहां सौरभ की लाश को आरोपियों ने फेंका, वहां पहुंचकर पुलिस ने जांच की तो खून फैला हुआ नहीं मिला। इस पर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने दोनों को तलाश किया, लेकिन वह हाथ नहीं आए। पूरी रात चली तलाश में जब पुलिस जोगेंद्र उर्फ लाखन के घेर में पहुंची तो वहां एक कमरे में खून बिखरा हुआ था। पुलिस को यह समझते देर न लगी कि उज्जवल की हत्या यहीं पर की गई थी। पुलिस ने जोगेंद्र उर्फ लाखन के परिजनों से सख्ती से पूछताछ की तो उसकी बहन ने छत पर से तमंचा बरामद करा दिया। उसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुट गई। एसओ हस्तिनापुर के मुताबिक गुरूवार को रानी नंगला मोड़ के पास दोनों हत्यारोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जिसमें सौरव पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।

# शोभित विवि बना रहा है इंजीनियरिंग छात्रों को एआई-फ्रेंडली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग लगातार अपने छात्रों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को क्रिएटिव एआई टूल्स विषय पर एक नवोन्मेषी और व्यवहारिक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य इंजीनियरिंग छात्रों को 40 से अधिक उन्नत एआई टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना था, ताकि वे इन्हें अपने अकादमिक प्रोजेक्ट्स, शोध कार्यों और आने वाले पेशेवर जीवन में प्रभावी ढंग से एकीकृत कर सकें। यह पहल विश्वविद्यालय की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह छात्रों को एआई-फ्रेंडली लर्निंग एनवायरनमेंट प्रदान कर रहा है और उन्हें ग्लोबल इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल दे रहा है। छात्रों ने कार्यशाला में चौट जीपीटी, रेप्लिट एआई, गामा एआई, मर्लिन एआई, वार्प एआई, नैचुरल रीडर, व्हाइटबोर्ड एआई, चैट पीडीएफ एआई, गूगल जेमिनी, पर्पलेक्सिटी एआई जैसे प्रसिद्ध टूल्स के साथ-साथ कई अन्य नवाचारपूर्ण एआई समाधानों का उपयोग सीखा। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें यह भी समझाया गया कि इन टूल्स का उपयोग करके वे कैसे अपनी उत्पादकता, रचनात्मकता, समस्या-समाधान क्षमता और नवाचार कौशल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग की निदेशिका प्रोफेसर डॉ. निधि त्यागी ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि, एआई के बदलते परिदृश्य में खुद को अपडेट रखना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस तरह की कार्यशालाएं छात्रों को न केवल तकनीकी रूप से मजबूत बनाती हैं, बल्कि उन्हें उद्योग की मांगों के अनुरूप भी तैयार करती हैं।

इस आयोजन के समन्वयक सहायक प्रोफेसर अभिनव पाठक ने छात्रों को विभिन्न एआई टूल्स के वास्तविक जीवन में उपयोग और करियर संभावनाओं के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि, जब छात्र इन एआई टूल्स का नियमित और सहज रूप से उपयोग करना सीख जाते हैं, तो यह आने वाले समय में उनके प्लेसमेंट के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। विश्वविद्यालय निकट भविष्य में कई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने की योजना बना रहा है, और इस संदर्भ में ये टूल्स छात्रों के लिए एक मजबूत हथियार की तरह काम करेंगे। कार्यक्रम की सफलता में राजेश पांडेय, विजय माहेश्वरी, राजीव कुमार, निमरा मिर्जा एवं अन्य संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# नकली क्रीम व हारपीक बेचने वाली दुकान पर पुलिस का छापा

- परीक्षितगढ़ क्षेत्र में हुई बड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर की एक दुकान पर नामचीन कंपनी के नाम से नकली क्रीम व हारपिक बेचने की सूचना पर कंपनी के अधिकृत प्रबंधक ने थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस ने छापा मारा तथा भारी मात्रा में कंपनी का नकली ब्रांड बरामद करते हुए थाने में तहरीर दी है। इस कार्यवाही से नकली सामान बेचने वाले व्यापारियो में हड़कंप मचा हुआ है।

दिल्ली में स्थित कंपनी समिता लीगल एल 244 सेक्टर 25 नोएडा में तैनात प्रबंधक पद पर तैनात तौकीर चौधरी ने बताया कि उन्हे मैसर्स रीकिंट बेन किसेर इंडिया के नकली उत्पादन बेचने तथा बनाने वालो के विरूद्ध कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया था जिसके तहत गुरुवार को परीक्षितगढ़ नगर के मैन बाजार में सर्वे किया तो पाया की एक दुकान पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे है जिसकी थाना पुलिस से शिकायत करते हुए पुलिस टीम के साथ नितिन निकट शिव चौक की दुकान पर पहुंचे जहां 720 पीस नकली वीट क्रीम व 142 हारपिक के नकली पीस बरामद किये एक पीस बतौर नमूना लिया गया तथा बाकी माल को बरामद कर सील कर दिया गया है। वहीं दुकानदार नितिन के खिलाफ धारा 63 / 65 कापीराइट एक्ट 1957 के तहत मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी गई है जिससे नकली सामान बेचने वाले व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने दी सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विशेष न्यायालय एससी एसटी कोर्ट के न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने गुरुवार को एक मामले का निर्णय करते हुए आरोपी को सजा दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना सरधना क्षेत्र की एक दलित युवती ने थाना सरधना पर एक मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें युवती ने आरोप लगाया था कि वह बुखार की दवाई लेने एक गांव के डाक्टर के पास गई थी जिसने बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा होश में आने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया परीक्षण के अपरांत न्यायधीश मौहम्मद असलम सिद्दीकी ने आरोपों को सही पाते हुए कथित डाक्टर को सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

# अभद्रता करने वाले एसबीआई बैंक के कर्मचारियों की मैनेजर से शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एसबीआई बैंक गोला कुआं शाखा के बैंक कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार करने के विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मेरठ महानगर का प्रतिनिधि मंडल शाखा प्रबंधक सुनील तोमर से मिला। उन्होंने संयुक्त रूप से शिकायत पत्र सौंपा और कहा कि किसी भी हाल में व्यापारी भाईयो का उत्पीड़न बर्दाश नहीं किया जायेगा। जो भी बैंक के कर्मचारी ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार करते है उनको चिन्हित कर उन पर उचित कार्यवाही की जाए। बैंक मैनेजर ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय को गंभीरता से लेते हुए हर संभव कार्यवाही करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त पाराशर, महामंत्री सुरेश कुमार बिट्टू, कोषाध्यक्ष कुलदीप वर्मा, सहकोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता, व्यापारी नेता हेमंत चावला, आलोक गर्ग, डॉ. शोएब आदि उपस्थित रहे।

# डीपीएम स्कूल में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कक्षा नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और मनमोहक झांकियों से सजाया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं राधा-कृष्ण की जीवंत प्रस्तुतियां। छोटे-छोटे बच्चों ने राधा और श्रीकृष्ण की वेशभूषा में मंच पर जब प्रस्तुति दी, तो उपस्थित अभिभावक और शिक्षक भावविभोर हो उठे। सुंदर पोशाक, मुकुट, बांसुरी और गहनों से सजे बच्चों की मनमोहक अदाओं और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे भविष्य में ईमानदार, निष्ठावान और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी परंपराओं में निहित हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करते हैं। साथ ही, मंच पर आत्मविश्वास अभिव्यक्ति क्षमता और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं। इस सुंदर आयोजन को सफल बनाने में नर्सरी से प्रथम कक्षा तक की शिक्षिकाओं ने अथक परिश्रम किया। साथ ही विद्यालय के सभी शिक्षकों का सामूहिक सहयोग भी सराहनीय रहा, जिसकी बदौलत यह आयोजन अत्यंत भव्य और सफल रूप से संपन्न हो सका। कार्यक्रम का समापन भजन एवं आरती के साथ किया गया।

# पंजाबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष के हुए गैर जमानती वारंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मेरठ।** अपने आप को पंजाबी समाज का प्रदेश अध्यक्ष बताने वाले निशांत परुथी के खिलाफ न्यायालय एसीजेएम-10 द्वारा धोखाधड़ी से जमीन बेचने पर गैर जमानती वारंट जारी किए गए व पुलिस को उन्हें अरेस्ट करके न्यायालय में पेश करने के आदेश हुए है। न्यायधीश ने याचिकाकर्ता की प्रार्थना को स्वीकार करते हुए लिखा है कि लगता है अभियुक्तगण जानबूझकर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं इस कारण एनबीडब्ल्यू जारी किये जा रहे है।

# दशमेश स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा पहनकर दिखाई अपनी प्रतिभा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रामराज के समीप स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और मनमोहक झांकियों से सजाया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं राधा-कृष्ण की जीवंत प्रस्तुतियां। छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने राधा श्रीकृष्ण की वेशभूषा पहनकर सभी का मन मोह लिया। सुंदर पोशाक, मुकुट, बांसुरी और गहनों से सजे बच्चों की मनमोहक अदाओं और भाव-भंगिमाओं ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर स्कूल की डायरेक्टर सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, करुणा, मित्रता और धर्म के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे भविष्य में ईमानदार, निष्ठावान और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बन सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें हमारी परंपराओं में निहित हैं और इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। सुंदर आयोजन को सफल बनाने में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक की शिक्षिकाओं ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से कोऑर्डिनेटर स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका अरोड़ा, नेहा देओल, हरप्रीत कौर, अमृतपाल कौर, रीता छाबड़ा, सोनाली, कविता रानी, प्रभजोत कौर, प्रिया चौहान, स्वाति शर्मा, शिवांगी सुधा आदि का सहयोग रहा।

# डीएवी के छात्रों ने वो कृष्णा है, कान्हा सो जा जरा गीत पर किया नृत्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 के बच्चों ने तेरी मुरली की धुन गीत प्रस्तुत किया और कक्षा एक की परिधि ने वो कृष्णा है गाने पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कक्षा 1 से कक्षा 3 के बच्चों ने महारास पर समूह नृत्य कर कृष्ण की मन मोहिनी छवि को प्रस्तुत किया। कक्षा 2 की छात्रा सारा गुल ने कान्हा सो जा जरा पर नृत्य की प्रस्तुति कर खूब वाह वाही लूटी। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने सभी बच्चों की प्रस्तुति पर मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए बच्चों एवं शिक्षक गणों को जन्माष्टमी की बधाई दी।



# फलावदा में तिरंगा प्रभात फेरी का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** गुरुवार सुबह ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तत्वाधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान के अन्तर्गत चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, ईओ सचिन पंवार की अध्यक्षता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों विद्यार्थियों, नगर पंचायत के कर्मचारियों व नगर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ जनसहभागिता को सुनिश्चित करते हुए 'तिरंगा प्रभात फेरी' का शुभारम्भ किया गया। तिरंगा प्रभात फेरी नप प्रांगण से आरम्भ होकर मुख्य बाजार से होते हुए नगर के विभिन्न रास्तों से होकर नप कार्यालय पर आकर सम्पन्न हुई।



तिरंगा प्रभात फेरी का समापन भाजपा जिलाध्यक्ष शिव कुमार राणा के साथ आशीष प्रताप, मनिन्दर पाल, पूर्व चेयरमैन कॉपरेटिव द्वारा किया गया। नगर पंचायत के द्वारा इस कार्यक्रम को बड़े ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी तैयारी विगत चार दिनों से चल रही थी। यात्रा के दौरान नगर में स्थित समस्त शहीद स्मारकों महापुरूषों शहीद भगत सिंह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबाफुले, अटल बिहारी वाजपेयी के स्मृति स्थलों पर माल्यार्पण व पुष्पवर्षा की गई। शहीद स्मारकों महापुरूषों के स्मृति स्थलों पर विशेष सफाई कराकर तिरंगा लाईट लगवाकर साज-सज्जा कराई गई है। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप कुमार विश्नोई द्वारा किया गया। अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम विगत कुछ वर्षों में राष्ट्रीय अस्मिता, देशभक्ति और गौरव के जन भागीदारी आन्दोलन के रूप में एक सफल अभियान बन चुका है। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में नगर पंचायत के समस्त सभासदगण, नगर के गणमान्य व्यक्ति, मदरसा दरबार जमालुल-उलूम, जवत्री देवी सरस्वती विद्या मन्दिर, विद्या संस्कार एकेडमी, ग्लोबल चिल्ड्रेन एकेडमी के न्यू होप चिल्ड्रन्स एकेडमी, आर्ष विद्या मन्दिर, विवेक शिक्षा सदन, रामप्यारी पब्लिक स्कूल, आदर्श कन्या इन्टर कालिज नैडू सहित समस्त विद्यालयों के अध्यापकगण छात्र व निकाय कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# गांव भराला में तिरंगा यात्रा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा की शुरुआत शाम 5 बजे ग्राम पंचायत भवन से हुई, जिसमें बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में तिरंगा और देशभक्ति के नारे लगाते हुए यात्रा पूरे गांव में निकाली गई। देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। यात्रा के अंत में शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रगान गाया गया और एकता व भाईचारे का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम ने गांववासियों में देश के प्रति गर्व और उत्साह की नई लहर भर दी। ग्राम रुहासा में अंबेडकर कलाम शिक्षा समिति की ओर से समस्त ग्रामवासियों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप मे भाजपा दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला रहे। इस दौरान रवि पुनिया, विनीत लोहिया व ग्राम प्रधान जरीफ मलिक, सहबा रिजवी, आशीष चौधरी बॉबी रुहासा, एडवोकेट सैफ रिजवी, केपी जाटव एडवोकेट, शारिक, शरीफ, मोहित, शालू, अली मौ व समस्त ग्रामवासी शामिल रहे।

# किड्जी प्ले स्कूल की अनोखी पहल, राखी बांधकर मनाया सुरक्षा बंधन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** स्थित किड्जी प्ले स्कूल ने गुरुवार को एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए 'सुरक्षा बंधन' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर मासूम बच्चों ने किठौर थाना पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और सुरक्षित सेवा की कामना की। किड्जी प्ले स्कूल की सीनियर एकेडमिक मैनेजर इंदु रावत ने बताया कि देश की रक्षा और सुरक्षा में आर्मी, पुलिस और डाक्टर का योगदान अमूल्य है। इसी भावना को बच्चों के मन में संजोने और सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान जगाने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किठौर थाने की सब इंस्पेक्टर करीना, सब इंस्पेक्टर किरन, सब इंस्पेक्टर विजय सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट बांटकर आशीर्वाद दिया और आश्वस्त किया कि वे हमेशा उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर रहेंगे। आयोजन में स्कूल प्रबंधक शोएब खान, डाक्टर अजमल हुसैन, कोऑर्डिनेटर नीलोफर खान, प्रधानाचार्या आयुषी गोयल, अध्यापिकाएं दीपशिखा, पूनम शर्मा, हिफजा सैफी, इकरा अब्बासी, कौसर जहां, सुम्बुल खान उपस्थित रहे।

# एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने फतेहपुर मामले को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एआइएमआइएम के जिलाध्यक्ष चौधरी फईम राजा के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि यूपी की फिजा खराब करने के लिए आरएसएस के लोगों ने फतेहपुर के धार्मिक स्थल पर भगवा लहराया और मुसलमानों की रहनुमाई करने वाली समाजवादी पार्टी ने घटना का विरोध नहीं किया। एडवोकेट फईम ने मांग की है कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ जिस प्रकार से अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाते आ रहे हैं वह इस मामले में भी अपराधियों के घर पर भी बुलडोजर चलाये।

# शांतिनिकेतन विद्यापीठ में कृष्ण जन्माष्टमी पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांतिनिकेतन विद्यापीठ में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर एक भव्य एवं पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कृष्ण वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई इसके पश्चात छात्रों द्वारा प्रस्तुत की गई कृष्ण लीला, भजन गायन एवं झांकी ने सभी को भाव विभोर किया। किंडर गार्डन के छात्र-छात्राओं द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए गए तथा बच्चों ने कृष्ण, राधा, सुदामा, कंस, यशोदा आदि पात्रों के रूप में सुंदर वेशभूषा पहनकर मंच पर अपने अभिनय से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विशाल जैन ने अपने संबोधन में कहा, ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में न केवल रचनात्मक का विकास होता है बल्कि वह अपनी संस्कृति से भी जुड़ते हैं। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर नाजिश जमाली ने सभी छात्र छात्राओं द्वारा की गई सुंदर प्रस्तुति की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि अस्थाना ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर नीरू शिवाच, बीना, अलका पुंडीर, रितु शर्मा, रोली शर्मा, तृप्ति मेहता का विशेष सहयोग रहा।



# स्वतंत्रता दिवस पर टाटा नमक की आयोडीन जागरुकता मुहिम का गांवों तक विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मनाने की तैयारी कर रहा है और ऐसे में 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। देश का नमक अभियान डिजिटल और टेलीविजन प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के जरिये ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। इस अभियान में टाटा नमक का जाना-पहचाना जिंगल है।


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस दिली मुबारकबाद
Prop. Naeem Khan Urf Bablu
N.G. PLYWOOD & VENEER INDUSTRIES
Faram Wali Nehar, Bypass Road, Gram Bagi Rampur (U.P.)
GSTIN : 09AAEFN4766E1Z4
LIC. No. VP - 12/2008


15 AUGUST
सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रस्तुति : सलीम खान
I LOVE INDIA


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
15 अगस्त
श्रीमती फरहा नाज़
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भमरव्वा ब्लॉक चमरौआ, रामपुर
श्री अब्दुल लईक
पूर्व प्रधान


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
नासिर अली
ग्राम प्रधान अजीतपुर
ब्लॉक चमरौआ


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
सुरेन्द्र सिंह सागर पूर्व दर्जामंत्री
अरशद खाँ पूर्व प्रत्याशी मिलक-बिलासपुर
सरफराज ब्रिक वर्क्स पैगम्बरपुर धमोरा जनपद रामपुर


सभी देशवासियों को
साहस और शौर्य के प्रतीक राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
मुनन खाँ
पूर्व प्रधान ग्राम हींगा नंगला
तहसील मिलक रामपुर


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्री घनश्याम सिंह लोधी पूर्व सांसद रामपुर
श्री ख्याली राम लोधी जिला पंचायत अध्यक्ष
मनोहर लाल लोधी समाज सेवी


सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की दिली मुबारकबाद
मुर्तजा अली ग्रामपति
ग्राम पंचायत मड़यान शादी
वि.ख. चमरौआ


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
सभी प्रकार का बिल्डिंग मैटेरियल उपलब्ध है
समीर अहमद मो. 9411289312
जमीर अहमद मो. 9759294979
सिद्दीकी सीमेन्ट स्टोर नैनीताल रोड, थाना भोट, तह. सदर, रामपुर


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त दिली मुबारकबाद
"विजय विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा उंचा रहे हमारा"
जमियत-ए-उलामा हिन्द
मौलाना असलम जावेद कासमी
जिलाध्यक्ष : जमियत-ए-उलामा हिन्द


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस दिली मुबारकबाद
I LOVE INDIA
शर्फुल हसन खाँ
तहजीबुल हसन खाँ
पहाड़ी गेट - रामपुर उ0प्र0 मो. 9927138630, 7017268307


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त दिली मुबारकबाद
"विजय विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा उंचा रहे हमारा"
जाकिर अली
प्रधानपति-ग्राम पंचायत रायपुर
ब्लाक चमरौआ, रामपुर


Green Wood S. Sec. School
C.B.S.C. Accredited A+School
15 AUGUST
Happy Independence Day
Director : SHAHID KHAN
Principal : NIRAJ TIVARI


ग्राम पंचायत अली नगर शिमाली
ब्लॉक सैदनगर रामपुर
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
मुश्ताक अली ग्राम प्रधान


ग्राम लदौरा नारायणपुर, ब्लॉक चमरौआ, रामपुर
की ओर से
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकमनायें
श्रीमती रामकली ग्राम प्रधान
श्री कृष्णपाल लोधी प्रधानपति


खुशनुमा बी प्रधान
ग्राम पंचायत धर्मपुरा की ओर से
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
वजरुद्दीन अंसारी प्रधानपति
प्रवेश कुमार-सचिव ग्राम पंचायत अधिकारी


समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
संदीप कुमार सौनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल


ग्राम पंचायत पंजाब नगर वि0ख0 चमरौआ जिला रामपुर
की ओर से
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनायें
अमित भटनागर पंचायत सचिव
मेहताब आलम एडवोकेट प्रधान पति


मै0 विद्या कन्सट्रैक्शन क0
विष्णु विहार ज्वाला नगर रामपुर
15 AUGUST स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राधे श्याम सिंह ठेकेदार रेलवे डिपार्टमेन्ट


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
अफसार हुसैन उर्फ बब्लू भाई
ग्राम प्रधान
अक्षय कुमार सेक्रेट्री ब्लॉक चमरौआ
सौजन्य से -अफसार हुसैन बब्लू ग्राम पंचायत दवका ब्लॉक चमरौआ रामपुर


ग्राम पंचायत तालकपुर, ब्लाक चमरब्बा, रामपुर
की ओर से
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
जावेद ग्राम प्रधान
जाविर अली प्रधानपिता


समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
संदीप अग्रवाल (सोनी) राष्ट्रीय अध्यक्ष
अब्दुल सत्तार उर्फ लाल भाई
पूर्व सभासद एवं समाजसेवी
जिला मंत्री उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल
जिला मन्त्री बी.जे.पी. अल्प संख्याक मोर्चा जिला रामपुर


आप समस्त देशवासियों को
15 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भूकन लाल लोधी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोयला
ब्लॉक चमरौआ रामपुर


ACS
Happy Independence day
ANAND CONVENT SCHOOL
Inculcation ethics & Values...
Play Group to VIIIth
100% DIGITAL SCHOOL
eduvate
+91-9720092555, +91-8006409779
NEAR HANUMAN MANDIR, BAJRANG VIHAR, RAMPUR


I LOVE INDIA
आप सभी देश एवं प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जनहित सेवा संस्थान रामपुर


N.S.D.C
50% off
Skill India
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अगर आप 12वीं पास हैं और रोजगार परक कोर्स करना चाहते हैं तो
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा
MIMT
ISO-2008 Certified Goverment Registered Institute
मण्डल का नंबर-1 कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट
CCAP TALLY CCA DCA ADCA CCC
A Way To succes
डॉ. शादाब खां

# लोकतांत्रिक जवाबदेही

किसी भी निर्वाचित विधानसभा में मताधिकार रखने वाले सदस्यों के मनोनयन जैसे बड़े फैसले लोकतांत्रिक जनादेश से आने चाहिएं, न कि प्रशासनिक विवेक से। केंद्रीय गृह मंत्रालय का जम्मू एवं कश्मीर हाईकोर्ट से यह कहना कि उप-राज्यपाल (एलजी) निर्वाचित सरकार की सहायता और सलाह के बगैर पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत कर सकते हैं, लोकतांत्रिक जवाबदेही को धता बताता है। हाईकोर्ट का संवैधानिक सवाल इससे ज्यादा सीधा नहीं हो सकता, क्या जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, जो एलजी को पांच विधानसभा सदस्य मनोनीत करने की इजाजत देता है, जिससे अल्पसंख्यक सरकार बहुमत की सरकार में बदल सकती है और इसका उल्टा भी हो सकता है, संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है, इस सवाल को संबोधित करने के बजाय, मंत्रालय कानून के तकनीकी बिंदुओं में चला गया। पुडुचेरी के के. लक्ष्मीनारायणन बनाम भारत संघ' मामले का हवाला देते हुए, उसने अपनी दलील में कहा कि मनोनयन निर्वाचित सरकार के काम के दायरे से बाहर हैं। उसने दावा किया कि स्वीकृत संख्या में निर्वाचित और मनोनीत, दोनों तरह के सदस्य शामिल हैं। उसने लो. कतांत्रिक परामर्श को दरकिनार करने के औचित्य के रूप में केंद्रशासित प्रदेश अधिनियम (मतदान प्रक्रियाएं), 1963 की धारा 12 का भी उल्लेख किया। जब 119-सदस्यीय विधानसभा में पांच मनोनीत सदस्य सरकार की स्थिरता तय कर सकते हों, तो यह मुद्दा स्वीकृत संख्या की कानून-द्वारा-निर्धारित परिभाषाओं से परे चला जाता है। असल सवाल यह है कि क्या नियुक्त पदाधिकारियों को जनता का चुनावी फैसला उलट सकने की इजाजत देने वाला कोई कानूनी ढांचा संविधान की लो. कतांत्रिक मूलभावना का उल्लंघन करता है। संशोधनों के जरिये वर्ष 2019 के अधिनियम में धारा 15ए और 15बी को शामिल किया गया, जो निर्वाचित विधानसभा में महिलाओं की अपर्याप्त नुमाइंदगी की स्थिति में दो महिलाओं को मनोनीत करने की मौजूदा शक्ति के अलावा, एलजी को दो कश्मीरी प्रवासियों (एक महिला सहित) और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर समुदाय से एक व्यक्ति को मना. ेनीत करने की इजाजत देते हैं। इस तरह पांच मनोनीत सीटें बनती हैं। हाईकोर्ट ने इस मुद्दे को जिस तरह सूत्रबद्ध किया है उसमें इससे जुड़े जोखिमों को स्वीकार किया गया हैरू यह ह्अल्पमत सरकार को बहुमत की सरकार में बदल सकता है या इसका उल्टा भी कर सकता है, जिससे चुनावी प्रक्रिया उलट सकती है। यह चिंता बेबुनियाद नहीं है , साल 2021 में, लक्ष्मीनारायणन के शासन के तीन साल बाद, पुडुचेरी में मना. ेनीत सदस्यों और दल-बदल करने वाले निर्वाचित विधायकों ने कांग्रेस-नीत सरकार गिराने में योगदान दिया। इसके अलावा, निर्वाचित प्रतिनिधियों से सलाह-मशविरे के बिना जम्मू एवं कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाया गया, जो लोकतांत्रिक जवाबदेही को और ज्यादा महत्वपूर्ण बनाता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वीकारे जाने और जम्मू एवं कश्मीर में भारी समर्थन होने के बावजूद राज्य के दर्जे की बहाली का वादा अधूरा है, जो और भी जरूरी बनाता है कि मौजूदा इंतजामात को लोकतांत्रिक शासन मजबूत करना चाहिए। मंत्रालय की यह दलील कि मनोनयन हनिर्वाचित सरकार के कामकाज के दायरे के बाहरह्न हैं, सुप्रीम कोर्ट के फैसलों द्वारा विकसित हो रहे न्यायसिद्धांत के विपरीत हैं। वर्ष 2018 और 2023 के दिल्ली की सेवाओं के मामलों में, उसने फैसला दिया कि एलजी को निर्वाचित सरकारों की सहायता और सलाह से काम करना चाहिए।

## भारत लोकतंत्र की जननी, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि



भारत लोकतंत्र की जननी है, हमारे लिए संविधान सर्वोपरि है, आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं, हमारा संविधान एक जीवंत दस्तावेज है, जो हमारी सामाजिक अस्मिता का मूल आधार है, किसी राष्ट्र के इतिहास में 75 साल का इतिहास पलक झपकने जैसा होता है, भारत के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है, इस काल खंड में भारत की चेतना जागी, इस ऐतिहा. सिक अवसर पर आप सबको संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है,15 अगस्त की तारीख हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है, औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान देशवा. सियों की अनेक पीढ़ियों ने यह सपना देखा कि एक दिन देश स्वाधीन होगा, देश के हर हिस्से में रहने वाले सभी लोगों ने विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ें्‌कने के लिए व्याकुल थे।

-द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात





योगेश कुमार गोयल

प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्एक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रूपए बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रूपए खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रूपए से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।

गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भए कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।


आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनी. ति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ए बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ए आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं? क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिए पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है?

आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आजादी के मतवालों के प्रेरक एवं रोचक प्रसंग



श्वेता गोयल

भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए देश की आजादी की लड़ाई में हजारों देशभक्तों का योगदान अविस्मरणीय है। ऐसे ही कुछ प्रमुख देशभक्तों से जुड़े कुछ रोचक तथा प्रेरक प्रसंगों को स्वतंत्रता दिवस के विशेष अवसर पर स्मरण करना प्रासंगिक होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवावस्था में जब कॉलेज जाया करते थे, उन दिनों उनके घर के ही सामने एक वृद्ध भिखारिन रहती थी।

फटे-पुराने चिथड़ों में भीख मांगते देख सुभाष का हृदय रोजाना यह सोचकर दहल उठता कि कैसे यह बुढ़िया सर्दी हो या बरसात अथवा तूफान या कड़कती धूप, खुले में बैठकर भीख मांगती है और फिर भी उसे दो जून की रोटी भी नसीब नहीं होती। यह सब देखकर उनका हृदय ग्लानि से भर उठता। घर से उनका कॉलेज करीब तीन किलोमीटर दूर था। आखिकार प्रतिदिन बस किराए और जेब खर्च के लिए उन्हें जो भी पैसे मिलते, उन्होंने वो बचाने शुरू कर दिए और पैदल ही कॉलेज जाना शुरू कर दिया। इस प्रकार प्रतिदिन अपनी बचत के पैसे उन्होंने जीवनयापन के लिए उस बूढ़ी भिखारिन को देने शुरू कर दिए। 1942 में जब भारत छोड़ो आन्दोलन शिखर पर था, उस दौरान क्रांतिकारी हेमू कलानी को पता चला कि आन्दोलनकारियों का दमन करने के लिए अंग्रेज सैनिकों से भरी एक विशेष रेलगाड़ी सक्खर से गुजरने वाली है। हेमू और उसके एक-दो साथियों ने उस विशेष रेलगाड़ी को ही उड़ाने का निश्चय किया और वे सक्खर से कुछ दूर पटरियां उखाड़ने पहुंच गए। वे एक-दो फिश प्लेटें ही उखाड़ पाए थे कि पुलिस आ पहुंची और पुलिस वालों ने उन्हें वहीं धर दबोचा। हेमू कलानी ने अपने मित्रों को वहां से किसी तरह भगा दिया और स्वयं गिरफ्तार हो गए। गिरफ्तारी के बाद हेमू से उसके मित्रों के नाम उगलवाने हेतु उसे खूब यंत्रणाएं दी गई किन्तु वीर हेमू कलानी ने अपनी जुबान नहीं खोली और सारा अपराध अपने सिर ले लिया। सुभाष चंद्र बोस आई। सी। एस। की परीक्षा देने लंदन गए। साक्षात्कार के दौरान एक सदस्य ने एक अंगूठी दिखाते हुए उनसे पूछा, मि. सुभाष, क्या आप इस अंगूठी में से निकल सकते हैं? यस सर! सुभाष चंद्र बोस ने तुरन्त उत्तर दिया। फिर कागज के एक टुकड़े पर उन्होंने अपना नाम लिखा और उसे अंगूठी में से निकाल दिया। फिर यह प्रश्न पूछने वाले सदस्य की ओर मुस्कराकर देखते हुए कहा, देखिए, सुभाष अंगूठी में से निकल गया। भारत और सोवियत संघ की संयुक्त सहायता से अंकलेश्वर में तेल के कुएं खोदे गए। उनमें से तेल निकला तो नेहरू जी काफी प्रसन्न हुए और वे कुएं देखने गए तथा उनके बारे में जानकारी प्राप्त करने लगे। अचानक तेल के कुछ छींटे नेहरू जी के कपड़ों पर आ गिरे, जिससे वहां उपस्थित सभी अधिकारी व अन्य व्यक्ति काफी परेशानी में पड़ गए। उन्होंने नेहरू जी से कपड़े बदलने का अनुरोध किया। इस पर नेहरू जी पहले मुस्कराए और फिर गर्व से बोले, "वाह! इन छींटों को क्यों छिपाऊं? मैं इन्हीं कपड़ों में संसद में जाऊंगा और सभी को शान से दिखाऊंगा हमारे देश में निकले मिट्टी के तेल के धब्बे।"

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खेड़ा अफगान: देश की आजादी में रही अहम भूमिका

विपिन चौधरी

खेड़ा अफगान: देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों ने बहुत संघर्ष किया। बहुत से क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति भी दी। जनपद में कई ऐसी जगह हैं जहां पर अंग्रेजी शासन को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांतिकारियों की योजनाएं बनती थी यानी क्रांतिकारी इन जगहों पर इकट्ठा होते थे। ऐसी ही एक जगह है नकुड ब्लॉक का गांव रणदेवा है।यह गांव क्रांतिकारियों की शरण स्थली रहा है।

गांव में ऐतिहासिक प्यारे जी महाराज मंदिर है जहां पर क्रांतिकारियों का जमावड़ा होता था और उसका नेतृत्व करते थे महंत जगन्नाथ दास।इस मंदिर में क्रांतिकारियों को ट्रेनिंग दी जाती थी जैसे लाठी चलाना, भाला फेंकना आदि।क्रांतिकारियों के लिए यह जगह सुरक्षित थी और इसकी जानकारी अंग्रेजों को ज्यादा नहीं थी।महंत जी के नेतृत्व में जो क्रांतिकारी संघर्ष कर रहे थे उनमें मुख्य रूप से महाशय तुंगल सिंह गुर्जर बहादुरपुर, चौधरी रामनिवास पिलखनी,सुनहरा सिंह गुर्जर ढोलामाजरा, प्रताप सिंह गुर्जर नारायणपुर,अर्जुन सिंह गुर्जर बिश्नोट, चौधरी पवन सिंह गुर्जर ढायकी, परमानंद गुर्जर दैदपुरा, रूपराम सिंह गुर्जर नल्हेडा,राम. निवास गुर्जर पिलखनी, निरंजन सिंह गुर्जर जैनपुर, सहीराम गुर्जर जैनपुर, यतीन्द्र कुमार सिंह गुर्जर डूभर किशनपुर, तेलूराम शर्मा रणदेवा आदि थे।









**रेल की पटरियां उखाड़ते थे क्रांतिकारी**

रणदेवा के नजदीकी गांव जैनपुर के बुजुर्ग मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि क्रांतिकारियों का मुख्य कार्य रेल की पटरियां उखाड़ना,बिजली या फिर टेलीफोन के तार काटना और सड़कों में गड्ढे खोदना था।इसके लिए बाकायदा प्यारे जी महाराज मंदिर में क्रांतिकारियों की मीटिंग होती थी और क्रांतिकारी मंदिर में रात्रि के समय ही आते थे और वहीं पर भोजन करते थे।यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाता था।

**एक बार मंदिर में पहुंच गए थे अंग्रेज अधिकारी**

मास्टर वीर सिंह बताते हैं कि एक बार क्रांतिकारियों की इस खुफिया जगह की भनक नकुड थाने के तत्कालीन इंस्पेक्टर डेनियल को लग गई थी। डेनियल बैलगाड़ी से अपनी टीम को लेकर जैनपुर गांव से होता हुआ रणदेवा पहुंचा था। वहां पर डेनियल को क्रांतिकारी तो नहीं मिले लेकिन मंदिर के छोटे महंत परिवर्तन दास द्धजो क्रांतिकारियों के लिए खाने की व्यवस्था करते थेत्र मिल गए थे। मास्टर वीर सिंह जी बताते हैं कि डेनियल ने उनकी खूब पिटाई की लेकिन उन्होंने किसी का भी नाम अपनी जुबान से नहीं खोला। किसी भी प्रकार का कोई भेद नहीं दिया।

**गांव में मुगलकालीन महल**

गांव रणदेवा के ऐतिहासिक होने का सबसे बड़ा सबूत गांव में प्यारे जी महाराज का बहुत पुराना मंदिर और गांव में ही मुगल कालीन महल है। ग्रामीण बताते हैं कि यह महल औरंगजेब ने प्यारे जी महाराज के लिए बनवाया था।इस महल को बनवाने के लिए औरंगजेब मजबूर हो गया था क्योंकि गांव में स्थित प्यारे जी महाराज के मंदिर को जब औरंगजेब की सेना तोड़ रही थी तो प्यारे जी महाराज ने अपना चमत्कार दिखाते हुए उनकी आंखों की रोशनी छीन ली थी ऐसी चर्चाएं हैं।परेशान होकर औरंगजेब ने उस मंदिर को दोबारा बनवाना पड़ा था। इसके साथ-साथ प्यारे जी महाराज के लिए महल का निर्माण भी औरंगजेब ने ही करवाया था। खुर्दबुर्द महल में आज भी कंकड़ों की ईंटें लगी हुई हैं।

**सरकार से अपील**

मास्टर नरेशचंद शर्मा, कंवरपाल प्रधान,सुरेश मुखिया जैनपुर, योगेंद्र सिरोही नल्हेड़ा आदि का कहना है कि रणदेवा गांव में महान क्रांतिकारी महंत जगन्नाथ दास का आश्रम है जो अब खंडहर में तब्दील हो चुका है ग्रामीणों की सरकार से मांग है कि उनकी निशानी के रूप में आश्रम का पुनरुद्धार किया जाए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

प्रस्तुति
सुहैल मियाँ, मो. फारूख अंसारी, हामिद रज़ा खाँ, इमरान हुसैन

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मरहूम मो० नवाबजान प्रोपाइटर
साहिल नवाब
नवाब फिलिंग स्टेशन : नरपत नगर - स्वार रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जयदीप सिंह
अर्श बस सर्विस
अध्यक्ष प्राइवेट यूनियन - स्वार बिलासपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
तफ़ज्जुल हुसैन
प्रधान
ग्राम गांगन नगली विकास खण्ड स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मो० आरिफ
प्रधान पुत्र
इमरतारा - विकास खण्ड स्वार रामपुर

Happy Independence Day 2025
Lead India International School
Congratulation To Our Toppers
CBSE CLASS X & XII (2024-25)
Add. Near Rana Sugars (3 km from Swar) Bilaspur Road, Imarta Rai, Swar, Mob- 9639084002, 9756727409

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
साजिद अली
ग्राम प्रधान मानपुर उत्तरी स्वार रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मोहम्मद आसिफ
ग्राम प्रधान
ग्राम मिलक ताज खाँ, स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
वसीम अहमद
वसीम इण्डेन गैस सर्विस
नरपत नगर - स्वार रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
आरिफ़ अन्सारी
ग्राम प्रधान समीदिया वि० खण्ड स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
साजिद अली
ग्राम प्रधान
नया गांव नजीबाबाद

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
नूरहसन
प्रधान
रुस्तम नगर, निकट रामपुर विकास खण्ड स्वार, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
फारूक अली अंसारी
ग्राम प्रधान
आर्सल पार्सल विख० स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मनोज कुमार
ग्राम प्रधान
गुलड़ पीपलसाना विख० स्वार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
RAMPUR DISTILLERY
RADICO KHAITAN LIMITED
ISO 9001:2008 & 22000 : 2005 CERTIFIED COMPANY
Regd.Office: Bareilly Road, Rampur-244901 (U.P.)
Tel.: EPABX(0595)2350601, 2350602, Fax:(0595)2350009
e-mail:rampur@radico.co.in
Head Office: Plot No. J-1, Block B-1, Mohan Co-op, Industrial Area, Mathura Road, New Delhi-110044
Tel:(91-11)40975400/444/500/555, Fax:(91-11) 41678841-42, 41676718(Exports)
e-mail:info@radico.co.in
Website:www.radicokhaitan.com
CIN No. L26941UP1983PLC027278

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
साजिद हुसैन मरहूम (पूर्व प्रधान)
शाहनवाज साजिद
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मुकरमपुर सैदनगर
सौजन्य से :- ग्राम पंचायत मुकरमपुर, सैदनगर, स्वार रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
आओ हम सब मिलकर देश की स्वतंत्रता एवं एकता-अखंडता को मजबूत बनाने में योगदान दें।
असगर अली
प्रधान एवं अध्यक्ष प्रधान संगठन, ब्लॉक स्वार
खलील अहमद
जिला पंचायत सदस्य वार्ड-7

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमति रिज़वाना बी
सचिव
डा० प्रेमपाल
ग्राम प्रधान मधुपुरा, विकास खण्ड स्वार
नेतराम
ग्राम प्रधान बगुआरोह, विकासखण्ड स्वार
सतीश कुमार
प्रधान पति, छपरा विकास खण्ड स्वार
बब्बन सेठ
हरदासपुर कोठा, विकासखण्ड स्वार रामपुर
हरिओम कुमार
ग्राम प्रधान शिवपुरी विकास खण्ड स्वार

चेतना सेवा संस्थान, रजि० रामपुर की ओर से
समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
अंकित गुलाटी (प्रोजेक्ट मैनेजर)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
साजिद अन्सारी
ग्राम प्रधान
सौजन्य से साजिद अन्सारी
मंझरा खुशहालपुर-स्वार (रामपुर)

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
असलम खाँ ठेकेदार
बच्छन भाई समाजसेवी
सौजन्य से : असलम खाँ ठेकेदार, मिलक ताज खाँ स्वार-रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राजेन्द्र कुमार सक्सेना सभापति
डा० अजय प्रकाश दीक्षित प्रधानाचार्य
सौजन्य से : सर्व हितकारी इण्टर कॉलेज मसवासी, स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
बादाम सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
कुनाल कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
अख्तर अली
ग्राम प्रधान
शोभारानी मौर्य
धनौरी, विकास खण्ड-स्वार
प्रेम सिंह प्रधान पति
सौनकपुर, विकास खण्ड स्वार रामपुर
मंसब अली
प्रधानपति
ग्राम प्रधान धनपुर शादरा विकास खण्ड स्वार

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
अर्जुन कुमार गुप्ता
मसवासी, रामपुर
संजय पाल

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों व क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अरशद खाँ उर्फ मुमताज खाँ
पूर्व प्रत्याशी 38 मिलक वि.स.
गुलनवाज़ खाँ उर्फ गुल्लू खाँ
पूर्व प्रत्याशी, जिला पंचायत बसपा

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
तुफैल अहमद
उदयवीर सिंह M.A. B.ed
जनता इण्टर कॉलेज, मोहल्ला सुल्तानपुर, सरकारी स्कूल के पास, स्वार, रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
शकील नेता जी
प्रधानपति
सौजन्य से : ग्राम पंचायत कमोरा विकास खण्ड मिलक
सद्दाम हुसैन उस्मानी

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
हरिओम गुप्ता
पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत धमोरा
रेता बजरी सप्लायर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं
डा० चन्द्रप्रकाश शर्मा
शशिकला शर्मा

कार्यालय नगर पंचायत शाहबाद, रामपुर
नगर पंचायत शाहबाद सभी नगर वासियों से
15 अगस्त, 2025 स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने नगरवासियों से निम्न अपील करती है-
- अपने नगर को सुंदर व स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।
- पॉलीथीन का प्रयोग न करें। इसके स्थान पर कपड़े के थैले का उपयोग करें।
- समस्त व्यापारी अपनी दुकान व प्रतिष्ठान के बाहर नोटिस बोर्ड चस्पा करें कि उनकी दुकान पर पॉलीथिन का प्रयोग नहीं होता है।
- आपके सहयोग से ही पॉलीथिन का प्रयोग बंद हो सकेगा, उपरोक्त अभियान में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें।
- सदैव शौचालय का प्रयोग करें, खुले में मल-मूत्र त्याग भयंकर बीमारियों को पैदा करता है। अतः खुले में शौच न करें।
- कूड़ा-करकट खुले में न डालकर सदैव डस्टबिन का प्रयोग करें। गीला कूड़ा हरे और सूखा कूड़ा नीले कूड़ेदान में ही डालें।
- नगर पंचायत की दुकानों का किराया व बकाया समय से भुगतान करें।
- जलमूल्य का समय से भुगतान करें।
- जल बहुमूल्य है, जल को संचय करें, बर्बाद न करें।
सुम्बुल वसीम
अध्यक्ष नगर पंचायत शाहबाद, रामपुर।
कुमार संजय
प्रभारी अधिशासी अधिकारी शाहबाद, रामपुर।

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों व नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
साबिर रज़ा
बतूलन बेगम
ग्राम प्रधान
सौजन्य से :- ग्राम पंचायत दुगनपुर विकास खण्ड मिलक

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दिली मुबारकबाद
हाजी मो० हनीफ
समाजसेवी
INDIA
विजयनन्दन सागर
पूर्व सभासद
सौजन्य सेः परमजीत सिंह मसवासी, स्वार-रामपुर

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
DIXIT GROUP OF COLLEGES
HIGHER EDUCATION | PHARMACY | LAW
COURSE OFFERED
B.A. B.Com. B.Com. (H) B.Sc. B.B.A.
M.A. M.Com. MSW B.Ed D.El.Ed (BTC)
B.A. LL.B LL.B B.Pharm D.Pharm D.Pharm
Pt. Jageshwar Dayal Dixit Founder
Pt. Vikas Dixit Manager
Er. Vivek Dixit M.D.
For Admission Contact : Toll Free No. 1800-120-1802
+91-7351151333 | 9759002176 | 9536195362 | 7251820999
Add.: 7 KM. RAMPUR - SHAHBAD ROAD, RAMPUR (U.P.)